हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 राजीव भवन घेरने निकले भाजपाइयों को पुलिस ने ...



15 कमीशन का बड़ा खेल, बस स्टैंड में आकर्षक ...



# प्राचार्यों-शिक्षकों के लिए 50 घंटे की ट्रेनिंग अनिवार्य, बताए जाएंगे नैतिक मूल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने अपने सभी स्कूलों के प्रिंसिपल और टीचर्स के लिए नए नियम जारी किए हैं, जिसके तहत उन्हें अपनी प्रोफेशनल स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए ट्रेनिंग लेना जरूरी होगा। यह ट्रेनिंग नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल प्रोफेशनल स्टैंडर्ड्स फॉर टीचर्स के अनुसार एक खास तरीके से होगी। नए नियमों के मुताबिक, हर टीचर को हर साल कम से कम 50 घंटे की लगातार प्रोफेशनल डेवलप में ट्रेनिंग लेनी होगी। इसमें से आधी ट्रेनिंग सीबीएसई या सरकारी ट्रेनिंग संस्थानों के जरिए होगी, और बाकी स्कूल के अंदर या आस-पास के सहयोग से चलने वाले प्रोग्रामों के जरिए पूरी की जाएगी।

यह ट्रेनिंग तीन मुख्य बातों पर फोकस करेगी। इसके अंतर्गत मूल्य और नैतिकता के लिए 12 घंटे, नॉलेज और प्रैक्टिस के लिए 24 घंटे तथा प्रोफेशनल ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए 14 घंटे निर्धारित किए गए हैं। बोर्ड ने बोर्ड एग्जाम की ड्यूटी, रिसर्च का काम, सीबीएसई कॉन्फ्रेंस और डिजिटल कंटेंट जैसे कई एकेडमिक और मूल्यांकन से जुड़े कामों को भी इसमें शामिल किया है।

## सरकारी संस्थाएं कराएंगी 50 प्रतिशत ट्रेनिंग, आधा प्रशिक्षण सहयोगी संस्थाओं की मदद से

### साइंस, टेक्नोलॉजी और गणित मुख्य विषय

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए सीबीएसई ने साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स को अपनी सालाना ट्रेनिंग का मुख्य विषय चुना है। स्कूलों को इन विषयों में चर्चा और नए विचारों को बढ़ावा देने के लिए डिस्ट्रिक्ट लेवल डेलिबरेशंस आयोजित करने के लिए कहा गया है, जिसमें सवाल पूछने और अलग-अलग विषयों को मिलाकर पढ़ाने के तरीकों पर जोर दिया जाएगा। सभी स्कूलों को इन नए नियमों का पालन करना होगा। बोर्ड ने सभी हेड ऑफ इंस्टिट्यूशंस से अपील की है कि वे लगातार सीखने और प्रोफेशनल तौर पर बेहतर बनने की संस्कृति को बढ़ावा देकर इस बदलाव का नेतृत्व करें।




### पूर्व में नहीं थी अनिवार्यता

सीबीएसई द्वारा समय-समय पर कई तरह के वेबिनार और ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कराए जाते रहे हैं। इसमें छात्रों के लिए कॅरियर काउंसिलिंग से लेकर अन्य तरह की चीजें शामिल रहती हैं। सीबीएसई इनमें से अधिकतर कार्यक्रमों को निशुल्क और हाईब्रिड मोड में रखता है ताकि अधिक से अधिक लोग इसका हिस्सा बन सकें। पूर्व में बोर्ड द्वारा इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का हिस्सा बनना प्राचार्य अथवा शिक्षकों के लिए अनिवार्य नहीं किया गया था, लेकिन नए सत्र में सभी इसका हिस्सा बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### कुत्ता खरीदने मां ने पैसे नहीं दिए तो बेटे ने कर दी हत्या



**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में जर्मन शैफर्ड खरीदने मां ने दो सौ रुपए नहीं दिए, तो एक सनकी बेटे ने अपनी मां के सिर पर हथौड़ा से वार कर हत्या कर दी। पत्नी के बीच बचाव करने आने पर आरोपी ने अपनी पत्नी पर भी हमला कर उसे घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी युवक फरार है। पेशे से ई-रिक्शा चालक प्रदीप देवांगन पर अपनी मां की हत्या करने का आरोप है। प्रदीप ने सुबह अपनी मां से कुत्ता खरीदने पैसों की मांग की। पैसा नहीं देने पर दोनों मां-बेटे के बीच विवाद हुआ। इस दौरान प्रदीप ने बिस्तर में लेटी अपनी मां के सिर पर हथौड़ा से वार कर दिया। शोरगुल सुन प्रदीप की पत्नी बीच-बचाव करने पहुंची, तो प्रदीप ने उस पर भी हमला कर दिया। प्रदीप के 15 साल के बेटे ने घर से भागकर पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। प्रदीप के पास छह सौ रुपए थे। कुत्ता खरीदने प्रदीप अपनी मां से और दो सौ रुपए मांग रहा था।

### बंदी के भागने पर चार सिपाही निलंबित

**रायपुर।** आमानाका थाने के लॉकअप में बंद एनडीपीएस के आरोप में गिरफ्तार अमृतपाल के फरार होने के मामले में एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने चार सिपाहियों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। जिन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, उनमें हेड कांस्टेबल मेलाराम प्रधान, प्रमोद पटेल, आरक्षक रिजवी डहरिया तथा सचिन मंगेशकर के नाम शामिल है।

### पंखे बंद होने से 5 मिनट के स्टॉपेज में यात्री पसीने से हो जाते हैं तरबतर

# रेल की बोगियों में 'अग्निपरीक्षा', बंद पंखे और भीड़ से जनरल कोच बने भट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कोच के अंदर का तापमान दोपहर में 35 डिग्री से अधिक पहुंच रहा

गर्मी की तपिश के बीच रेल यात्रियों के लिए सफर इन दिनों किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे समेत अन्य ज़ोन में पटरियों की मरम्मत और रखरखाव कार्य के कारण कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जिससे चल रही ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ हो गई है। जनरल कोच में 72 सीटों पर 120 से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं, जिससे यात्रियों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ रही है। इस भीषण गर्मी में कोच के अंदर का तापमान दोपहर में 35 डिग्री से अधिक पहुंच रहा है। जनरल और स्लीपर कोच में पंखे बंद पड़े हैं, जिससे यात्रियों को भारी गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। जब ट्रेन किसी स्टेशन पर रुकती है, तो बिना हवा के डब्बों में बैठे यात्रियों का दम घुटने लगता है। केवल 5 मिनट के स्टॉपेज में ही यात्री पसीने से तरबतर हो जा रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि शिकायत करने पर रेलवे केवल एसी कोच में बैठे यात्रियों की सुनता है और मदद करता है, जबकि ▶▶| शेष पेज 15 पर



### छुट्टियों के कारण ट्रेनों पर भारी दबाव

*शादी-विवाह का मौसम नजदीक आते ही ट्रेनों में भीड़ अचानक बढ़ गई है। रायपुर से उत्तर भारत के प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, पटना आदि के लिए चलने वाली अधिकतर ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है। कई ट्रेनों में तो अब कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो गया है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, रायपुर से प्रतिदिन चलने वाली संपर्क क्रांति, राजधानी एक्सप्रेस, छत्तीगढ़, समता और गोंडवाना एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में अगले 10 दिनों तक वेटिंग चल रही है।* ▶▶| शेष पेज 15 पर

# सीजीपीएससी में गड़बड़ी करने वालों ने बारनवापारा रिसार्ट को बनाया परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सीबीआई ने रायपुर के तीन तथा महासमुंद के दो ठिकानों में छापे की पुष्टि की

सीजीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने शुक्रवार को महासमुंद में दो तथा रायपुर के तीन ठिकानों में छापे की पुष्टि कर दी है। छापे की कार्रवाई कहां-कहां की गई है, इसका सीबीआई ने अब तक खुलासा नहीं किया है। सूत्रों ने जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक सीबीआई ने बारनवापारा स्थित रिसार्ट के साथ एक डॉक्टर तथा रायपुर में फूल चौक स्थित होटल तथा सिविल लाइंस स्थित सक्सेस कोचिंग सेंटर के साथ एक अन्य जगह छापे की कार्रवाई की है।

सीजीपीएससी में अफसरों द्वारा अपने करीबी परीक्षार्थियों की मदद करने वाली जो कहानी निकलकर सामने आई है, इस संबंध में सूत्रों ने बताया है, परीक्षा के दो दिन पूर्व परीक्षार्थियों को रायपुर बुलाया गया। परीक्षार्थियों के रुकने के लिए होटल व्यंकटेश में रुकने की व्यवस्था ▶▶| शेष पेज 15 पर

### परीक्षार्थियों को मदद पहुंचाने इसने की मदद

सीजीपीएससी में परीक्षार्थियों को पेपर हल करने की सुविधा उपलब्ध कराने महासमुंद के डॉ. विकास चंद्राकर का नाम सामने आया है। डॉ. चंद्राकर के सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सोनवानी तथा परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर से सीधे संपर्क थे। डॉ. चंद्राकर ने परीक्षार्थियों के लिए सुरक्षित तथा सेफ जगह की तलाश के लिए बारनवापारा रिसार्ट का चयन किया। उत्कर्ष ने डॉ. चंद्राकर से परीक्षार्थियों को मिलवाने का काम किया।




ANANTRA MART™
A UNIT OF TIWARI BUILDCON & MAJISHA TRADERS
7%* TO 70%* OFF
ON MRP EVERYDAY
सब के लिए सब कुछ
अनंतरा मार्ट का दुबई ऑफर फिर से 2.0
₹ 1799* में कूपन पाओं और दुबई जाओं
यह स्कीम 16 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 तक
20 कूपन पर 2 लीटर कुकर
50 कूपन पर इंडेक्शन
75 कूपन पर मिक्चर ग्राईंडर + 2 जार
100 कूपन पर 3 पीस सेट ट्राली बैग
200 कूपन पर 5 स्टार पैकेज कान्हा किसली
400 कूपन पर 3 नाईट गोवा
700 कूपन पर 3 नाईट दुबई
GRAND OPENING
SUNDAY | 20 APR. | 11:00AM
Now at Bemetara
Come & Discover Something New & Exciting Offers With Us In Our New Venture
Offer Valid Till 27 April 25 for Limited Stock
SAMPOORNA RICE KOLAM PURPLE MRP ₹68 OUR PRICE ₹50
TOOR DAL REGULAR MRP ₹155 OUR PRICE ₹105
SUGAR MRP ₹52 OUR PRICE ₹44
BASMATI RICE MRP ₹120 OUR PRICE ₹75
SOOPRLIFE REFIND SUNFLOWER OIL 1L MRP ₹162 OUR PRICE ₹141
BROOKE BOND RED LABEL TEA 1KG MRP ₹560 OUR PRICE ₹310
KISSAN FTK SAUCE 1.1 KG MRP ₹150 OUR PRICE ₹95
HAMDARD ROOH AFZA 750 ML MRP ₹180 OUR PRICE ₹151
THUMS UP/FENTA/SPRITE 2LTR MRP ₹100 OUR PRICE ₹77
BADAM 500 GM MRP ₹700 OUR PRICE ₹449
FROOTI 1.8 LTR MRP ₹99 OUR PRICE ₹83
SUNDER RUSK 1KG MRP ₹230 OUR PRICE ₹99
LOTTE CHOCOPIE 552 GM (24 P) MRP ₹400 OUR PRICE ₹160
SURF EXCEL EASY WASH 3KG MRP ₹390 OUR PRICE ₹309
PEARS PURE & GENTLE BUY 500GM & GET 125GM FREE MRP ₹389 OUR PRICE ₹289
PIGEON PRIME INDUCTION COOKTOP 1800 WT MRP ₹3195 OUR PRICE ₹1049
PIGEON GLASS COOCK TOP NEO 25 2 BURNER MRP ₹3999 OUR PRICE ₹1699
PIGEON STORM COOKER 3LTR MRP ₹1545 OUR PRICE ₹849
स्टेशनरी प्रोडक्ट्स DOMS SHARP MINDS UP TO 20%* OFF
VIP TROLLY SET 3 PIC. MRP ₹27999 OUR PRICE ₹5199
गोल्डन टावर, बोरिया खुर्द, रायपुर, मो. 7880008071
जौहरी हॉस्पिटल, ग्राउंड फ्लोर, भाटागांव, रायपुर, मो. • 7880008072
शैलेन्द्र नगर, कटोरा तालाब रोड, रायपुर, मो. • 7880008073
लितिशा बिज़नस पार्क, सफायर होटल के सामने, रायपुर रोड, बेमेतरा,
Customer Care : 7992 7992 20
FREE HOME DELIVERY
*नियम एवं शर्तें लागू : सभी ऑफर्स सुचना के बिना बदलाव के अधीन हैं। ऑफर सस्टॉक रहने तक | दिखाये गये प्रोडक्ट्स के ग्राफ़िक्स केवल सांकेतिक मात्र हैं | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मतभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट कार्ड, एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |


DMart®
Daily Discounts Daily Savings
हॉलिडे की शॉपिंग,
अब बजट में
DMart ready
ग्रोसरी एण्ड डेली एसेंशियल्स
₹ 44* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹ 59* सिर्फ लूज़ एचएमटी कोलम चावल 1 किलो
₹ 69* सिर्फ लूज़ बिरयानी चावल 1 किलो
₹ 32* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹ 111* सिर्फ लूज़ तूरदाल लातूर 1 किलो
₹ 109* सिर्फ लूज़ उड़द दाल 1 किलो
₹ 41* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो
₹ 51* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
₹ 25* सिर्फ सब्जा 100 ग्राम मूल कीमत ₹ 39
₹ 389* सिर्फ स्वाद पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 547
₹ 389* सिर्फ स्वाद बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹ 559
₹ 89* सिर्फ धनिया 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 141
₹ 290* सिर्फ जीरा 1 किलो मूल कीमत ₹ 398
₹ 85* सिर्फ छोटी राई 1 किलो मूल कीमत ₹ 118
₹ 159* सिर्फ लाल मिर्च पाउडर 1 किलो मूल कीमत ₹ 378
₹ 199* सिर्फ हल्दी पाउडर 1 किलो मूल कीमत ₹ 295
₹ 425* सिर्फ दावत रोजाना गोल्ड बासमती चावल 5 किलो मूल कीमत ₹ 600
₹ 459* सिर्फ नटराज पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 699
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹ 150*
₹ 79* सिर्फ सनफीस्ट यिप्पी मैजिक मसाला नूडल्स 480 ग्राम मूल कीमत ₹ 120
₹ 70* सिर्फ मिरिंडा ऑरेंज बोतल 2 ली मूल कीमत ₹ 100
₹ 160* सिर्फ रुह अफ़ज़ा शरबत 750 मि.ली. मूल कीमत ₹ 180
₹ 355* सिर्फ ग्लूकॉन-डी इंस्टेंट एनर्जी टैंगी ऑरेंज/निंबू पानी फ्लेवर 1 किलो मूल कीमत ₹ 415
₹ 199* सिर्फ टैंग ऑरेंज/मॅन्गो इंस्टेंट ड्रिंक मिक्स 750 ग्राम मूल कीमत ₹ 280
₹ 160* सिर्फ मालाज़ रोज़ सिरप 1 ली मूल कीमत ₹ 230
₹ 88* सिर्फ किसान स्वीट एन्ड स्पाइसी सॉस पाउच 850 ग्राम मूल कीमत ₹ 140
₹ 99* सिर्फ पिअर्स प्यूअर एन्ड जेन्टल बॉडी वॉश 250 मि.ली. मूल कीमत ₹ 140
₹ 290* सिर्फ लोटस् सेफ सन 3-इन-1 SPF 40 100 ग्राम मूल कीमत ₹ 535
₹ 125* सिर्फ डर्मी कूल मेंथॉल रेग्युलर प्रिकली हीट पाउडर 150 ग्राम मूल कीमत ₹ 159
₹ 172* सिर्फ गोदरेज सिंथॉल लाइम डिओ सोप 4x150 ग्राम मूल कीमत ₹ 230
SAVE ₹ 40
CINTHOL
होम एण्ड किचन
₹ 99** सिर्फ येरा ग्लास 210 मिली प्रति पीस 6 पीस सेट मूल कीमत ₹ 230
₹ 79** सिर्फ आइस ट्रे XL मूल कीमत ₹ 90
₹ 69** सिर्फ कुल्फी मेकर 8 कोन मूल कीमत ₹ 80
₹ 1,395** से आगे ब्रांडेड न्यूट्रीब्लेंड जूसर 3 जार
₹ 129** से आगे पानी का जग
₹ 199** सिर्फ रतन फ्रॉस्टी बकेट 25 ली मूल कीमत ₹ 230
₹ 249** सिर्फ वेलस्पन बाथ टावल 70 सेमी x 140 सेमी मूल कीमत ₹ 285
₹ 999** से आगे सीलिंग फ़ैन
ट्रैवल एण्ड स्पोर्ट्स
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर ड्रॉइंग का सामान
₹ 249** से आगे पॉलिमर क्रिकेट बॅट
₹ 379** सिर्फ फुटबॉल मूल कीमत ₹ 430
₹ 21** से आगे प्लास्टिक बोतल
₹ 149** से आगे स्टील बोतल
₹ 699** सिर्फ हाइकिंग बैग मूल कीमत ₹ 995
₹ 1,999** सिर्फ वीआईपी-एरिस्टोक्रैट फ्रॉक्स ट्रॉली बैग 23 सेमी x 36 सेमी x 55 सेमी मूल कीमत ₹ 8,440
₹ 2,750** से आगे वीआईपी इग्निस ट्रॉली बैग 24 सेमी x 39 सेमी x 55 सेमी
अपैरल
₹ 299** से आगे गर्ल्स फ्रॉक
₹ 199** से आगे गर्ल्स जीन्स
₹ 199** से आगे गर्ल्स टॉप
₹ 79** से आगे बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी शर्ट
₹ 199** से आगे बॉइज़ शर्ट
₹ 249** से आगे बॉइज़ जीन्स
फुटवेयर न्यूनतम 7% छूट मूल कीमत पर
Paragon
walkmate
Bata
VKC
RELAXO
₹ 199** से आगे लेडीज़ एथनिक शॉर्ट/लॉन्ग कुर्ती
₹ 99** से आगे लेडीज़ दुपट्टा/स्टोल
₹ 199** से आगे लेडीज़ एंकल कॉटन स्ट्रेच लेगिंग्ज़
₹ 499** से आगे लेडीज़ ड्रेसेस
₹ 99** से आगे लेडीज़ कॅज्युअल लोअर
₹ 99** से आगे लेडीज़ टी शर्ट
₹ 149** से आगे लेडीज़ टॉप
₹ 349** से आगे लेडीज़ डेनिम/जेगिंग
₹ 169** से आगे लेडीज़ लॉन्ग नाइटी
₹ 199** से आगे लेडीज़ पजामा
₹ 99** से आगे फैशन कैप
₹ 99** से आगे मेन्स फैन्सी टी शर्ट
₹ 199** से आगे मेन्स कॅज्युअल/फॉर्मल शर्ट
₹ 349** से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र/जीन्स
₹ 449** से आगे मेन्स कॉटन चीनोज
₹ 149** से आगे मेन्स फैशन शॉर्ट्स
न्यूनतम 25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट्स्
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/04/25

## खबर संक्षेप

### रितेश का हुआ जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप में चयन



**आरंग।** सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के छात्र रितेश जलछत्री का 39वीं राष्ट्रीय जूनियर बालक हैंडबॉल चैंपियनशिप में चयन हुआ है। चैंपियनशिप का आयोजन 18 से 22 अप्रैल तक अकबरपुर (उत्तर प्रदेश) में होगा। जिसमे रितेश जलछत्री छत्तीसगढ़ हैंडबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। रितेश जलछत्री 12वीं कला के छात्र है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छात्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सहसचिव सतीश सोनकर, प्राचार्य यशोदा योगी, उपप्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, क्रीडा प्रभारी हंसराज जलछत्री ने उन्हें बधाई दी।

### सुशासन तिहार में निगम को 17119 मांगें और 2478 शिकायतें मिलीं

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत रायपुर नगर निगम को अब तक कुल 19 हजार 597 आवेदन किए गए हैं। इन आवेदनों में 17119 मांगें और 2478 शिकायतें की गई हैं। इन मांगों और शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा की जा रही हैं। शहर के सभी 70 वार्डों में सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल शिविर लगाकर लोगों के मांग और समस्या से संबंधित आवेदन लिए गए हैं। दूसरे चरण में इन आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। इस अभियान का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होकर 31 तक चलेगा। इस दौरान समाधान शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें आवेदन करने वाले लोगों को उनकी मांग व शिकायतों का किए गए निराकरण की पूरी जानकारी दी जाएगी। शिविर में आए आवेदनों में कई शासकीय विभागों से सम्बंधित मांगे और शिकायतें आई हैं। इनमें 6817 मांगों और 665 शिकायतों को संबंधित विभागों को निराकरण करने के लिए भेजा गया है।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पकड़ी गड़बड़ी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालोद जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति को कर्तव्यों में घोर लापरवाही और विभागीय योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताओं के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस आशय का आदेश विभाग ने जारी कर दिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विगत 15 अप्रैल को बालोद दौरे के दौरान शासकीय योजनाओं एवं आमजनों की सुविधा को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था, जिसमें कई खामियां उजागर हुईं। श्रीमती राजवाड़े के निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टंडन जिला मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जबकि यह अपेक्षित था कि वह स्वयं मंत्री के दौरे के समय उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पाररास (इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 18/1) में फर्जी उपस्थिति दर्ज, पोषण ट्रैकर ऐप में अधूरी प्रविष्टियां, सखी वन स्टॉप सेंटर की निष्क्रियता और करकाभांठ केंद्र में गंदगी जैसे कई गंभीर मुद्दे सामने आए।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा में छग को राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के शानदार प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 12वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकेंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य के मोहला-मानपुर-चौकी और सक्ती को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 18-19 अप्रैल 2025 को तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हो रहा है। भारत सरकार के कैबिनेट सचिव कृषि के करकमलों यह सम्मान आज छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से संयुक्त संचालक बीके मिश्रा एवं उपसंचालक उद्यानिकी नीरज शाह ने प्राप्त किया।

## कांग्रेस ने ईडी दफ्तर का घेराव कर उसका नाम भाजपा कार्यालय रखा

# राजीव भवन घेरने निकले भाजपाइयों को पुलिस ने रोका, भाजपा ने फूंका सोनिया-राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम ईडी की चार्जशीट में दायर होने के बाद इस मामले में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गए हैं। शुक्रवार को भाजपा ने राजीव भवन घेराव करने का प्रयास किया। भाजपाइयों को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इसके बाद भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। राजीव भवन में भी कांग्रेसी एकत्रित हो गए थे। यूथ कांग्रेस ने रायपुर में ईडी दफ्तर का घेराव किया और उसका नाम भाजपा कार्यालय रख दिया है।

ईडी की चार्जशीट को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। शुक्रवार को भाजपा भी मैदान पर उतर गई। प्रदेश में भाजपा ने कई जिलों में कांग्रेस भवन का घेराव किया और सोनिया गांधी, राहुल गांधी के पुतले फूंके। राजधानी रायपुर में भी भाजपा ने राजीव भवन का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उनको रास्ते में ही रोक दिया। भाजपा नेता राजीव भवन तक पहुंच जाते, तो बड़ी घटना हो सकती थी, क्योंकि कांग्रेसी भी राजीव भवन में भारी संख्या में एकत्रित हो गए थे। भाजपा के राजीव भवन घेराव और आंदोलन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रदेश प्रवक्ता केदार नाथ गुप्ता सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।









### ईडी का बदला नाम

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर की गई कार्रवाई के विरोध में यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि ईडी की एफआईआर कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल किए जाने का प्रयास है। यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में कार्य कर रही है। इस कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंचकर इसका नाम भारतीय जनता पार्टी प्रवर्तन कार्यालय रख दिया गया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, आदिल आलम, सोनू शर्मा, संदीप वोरा, प्रदेश सचिव फहीम शेख, रुचिर दुबे, अमिताभ घोष सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## नारी को लक्ष्मी बनने के लिए श्रेष्ठ कर्म करना होगा : लता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुढ़ियारी पारा आरंग में स्नेह मिलन और सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें वक्ता बीके गंगा दीदी ने कहा सफाई तो हम बहुत रखते हैं लेकिन कौन सी सफाई की आवश्यकता है, जैसे घर में कोई मेहमान आते हैं तो अच्छे से स्वागत करते हैं लेकिन मन में कभी-कभी यह भाव आ जाता है कि कब तक रुकेंगे, तो मन की स्वच्छता बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री ने योग का अभियान चलाया, लेकिन क्या हम मन से स्वस्थ बन रहे हैं..? मन की सच्चाई व सफाई की सभी को अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा की इसकी शुरुआत पहले स्वयं से और मन से करनी होगी। विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा की हमारे जीवन में सब कुछ हो लेकिन सुख शांति नहीं, लेकिन स्वच्छता, शुद्धता व पवित्रता हो तो निश्चित रूप से हमें जीवन में खुशी व आनंद मिलेगी। जनपद उपाध्यक्ष रिंकू चंद्राकर ने कहा आज प्रत्येक व्यक्ति का मन अशांत है, खासकर राजनीतिक जीवन में अशांति रहती है। लेकिन अध्यात्म के द्वारा सच्ची शांति जीवन में आ सकती है। संचालिका बीके लता दीदी ने कहा एक समय में भारत स्वर्णिम दुनिया कहलाता था। उन्होंने आगे कहा की नर से नारायण और नारी से लक्ष्मी बनने के लिए श्रेष्ठ कर्म करना होगा। उपस्थित नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका पार्षद एवं सरपंचों का साल, गमछा व परमात्मा का 32 गुना वाला फोटो देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर केके भारद्वाज, देवनाथ साहु भाजपा मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे। मंच संचालन बीके गरिमा बहन ने किया।

## परसाही के तालाब से हटाई गई जलकुंभी

**मंदिर हसौद।** गुरु अमर दास के पास स्थित ग्राम पंचायत सकरी में ग्राम पंचायत सकरी में कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष श्री नारायण कुर्रे जी के मार्गदर्शन पर गुरुवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गांव के परसाही तालाब की सफाई की गई। जो जलकुंभी के कारण तालाब खराब होता जा रहा था जिससे हो रही परेशानी को देखते हुए गुरु घासीदास चौक एवं पारसाही तालाब का श्रमदान कर सफाई किया गया जिसमें सरपंच प्रतिनिधि प्रशांत कुर्रे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि लोकेश साहू, उप सरपंच श्याम सिन्हा, पंच गण महेंद्र गेन्द्रे, उमेश गेन्द्रे, जागेश्वर कुर्रे, ईश्वर दिवाकर, श्याम, डोमार, मोहित, अरुण , दीपेश, लक्ष्मी नारायण, नीलकंठ निषाद, नरेंद्र लहरें सहित ग्राम के नागरिकों का भरपूर सहयोग मिला।



## नपाध्यक्ष ने नाली निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

**आरंग।** नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 04 में सती माता मंदिर से सेमरिया तालाब तक नाली निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम मे नपाध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, लोक निर्माण अभियंता सहित पालिका के कर्मचारी एवं वा ड ॅ वा सी सम्मिलित हुए।



## बीमा योजना से अमृत संगठन महिलाओं को बना रहा सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अमृत महिला संकुल संगठन गुल्लू से जुड़ी महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। संगठन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत सभी सदस्यों का बीमा कराया जा रहा है ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसके साथ ही वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के लिये महिलाओं को वित्तीय साक्षरता की जानकारी भी संकुल संगठन एवं ग्राम संगठन को बैठकों के माध्यम से दी जा रही है। बीमा योजना के तहत ग्राम फरफौद की श्री गणेश समूह की सदस्य तामेश्वरी चन्द्राकर के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना करवाया था। जिसके निधन पर उनके नामिनी एवं पति नरेश चन्द्राकर को ग्राम फरफौद को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत आईडीबाई बैंक आरंग से दो लाख रू. क्लेम राशि प्राप्त हुआ है। अमृत संकुल संगठन गुल्लु का यह प्रयास महिला समूहों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर रहा है तथा भविष्य की अनिश्चितताओं से लड़ने के लिए उन्हे सशक्त बना रहा है।



## मुख्यमंत्री साय ने कहा- अस्पताल में मरीजों तक समय पर दवाएं उपलब्ध कराना सीजीएमएससीएल का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर कहा, डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में सीजीएमएससीएल का गठन हुआ था। तब अमर अग्रवाल उस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। दूरस्थ अंचलों में हमारे अस्पतालों में मरीजों तक समय पर दवाएं उपलब्ध कराना सीजीएमएससीएल का उद्देश्य था। तब इस कॉर्पोरेशन ने बहुत अच्छे ढंग से काम किया, लेकिन बीच के कांग्रेस शासन के पांच साल में इस कॉर्पोरेशन में घोटाले हुए, जिनकी जांच हो रही है। श्री साय ने भरोसा दिलाया कि मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल और श्री म्हस्के मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ाएंगे। श्री साय ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष और प्रदेश सरकार के कार्यक्रमों व जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की और प्रदेश में भाजपा शासनकाल में स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के हुए विस्तार का जिक्र भी किया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में प्रदेश सरकार तेजी से काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सीजीएमएससीएल को दवाओं की समय पर उपलब्धता, आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से उपयोगी संस्था बताते हुए कहा कि सीजीएमएससीएल की जो छवि पिछले कांग्रेस शासन के दौरान धूमिल हुई है, उसे ठीक करने का काम श्री म्हस्के करेंगे, यह विश्वास हम सबको है।



## मेहुल को कुर्मी समाज पढ़ाई में करेगा आर्थिक मदद

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की 79 वा महाधिवेशन रायपुर राज के राजप्रधान जागेश्वर वर्मा के संयोजन में रायपुर स्थित इंडोर स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। धरसीवां राज के मेहुल वर्मा पिता स्व. मन्नू लाल वर्मा देवरी जो कि सक्रिय समाज सेवक थे। उनके पुत्र ने राष्ट्रीय खेल में भाग लेकर धरसीवां की ओर से प्रतिभा सम्मान से पुरुस्कृत किया गया।

राजप्रधान नीलमणी परगनिहा ने धरसीवां राज के गौरव के लिए बधाई दिया, साथ ही मेहुल वर्मा को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समाज की ओर से हर सम्भव सहयोग करने की बात कही। राजमंत्री धर्मेंद्र वर्मा सहित समाज के पदाधिकारियों ने उज्जवल भविष्य की कामना की।





## नेपाल में अयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 5 खिलाड़ियों का चयन

**आरंग।** वर्ल्ड मोंटेक्स बॉल क्रिकेट फेडरेशन द्वारा 20 से 24 अप्रैल तक नेपाल में अयोजित 10वी साउथ एशियन मॉन्टेक्स बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 5 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाडी आरंग क्रिकेट क्लब से अंडर 14 में अक्षत साहू, वीर मानिकपुरी, अंडर 17 में गोपी पाल, सिनियर वर्ग में सोमनाथ लोधी और मुंगेली जिले से सिनियर वर्ग में जितेश्वर सिंह है। छत्तीसगढ़ मॉन्टेक्स बॉल क्रिकेट टीम के कोच अमन साहू ने बताया कि महाराष्ट्र में अयोजित राष्ट्रीय मॉन्टेक्स बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम के शानदार प्रदर्शन के आधार पर ही खिलाड़ियों का चयन भारतीय मोंटेक्स बॉल क्रिकेट टीम में हुआ है। सभी खिलाड़ी 18 अप्रैल को नेपाल के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, वरिष्ठ भाजपा नेता सालिक साहू, पार्षद प्रतिनिधि खिलेश धुरंधर, नरेंद्र साहनी, आरंग क्रिकेट क्लब से हर्ष लोधी, भावेश सोनकर, खिलाडीओ के माता-पिता, सभी सदस्यों और खिलाड़ियों ने बधाई दी।

## सीताराम के विवाह प्रसंग से सभी भक्त भाव विभोर हुए

# माया का परित्याग कर भक्ति का करें आचरण : ज्योतिर्मयानन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा समीपस्थ ग्राम सरोरा में अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मंडल, शारवा-सरोरा (गोसदन) के तत्वाधान में आयोजित श्री रामकथा में दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानन्द का शुक्रवार को शुभागमन हुआ व उन्होंने भक्तों को अपने आशीर्वचन में यज्ञ और गौ की कलयुग में महत्व को बताते हुए कहा की यज्ञ चराचर जगत के कल्याण के लिए बहुत आवश्यक हैं यज्ञ से वर्षा होती हैं जिससे किसान फसल पैदा करते है व अन्न से पूरी सृष्टि को भोजन मिलता है, वृन्दावन धाम से पधारे कथा व्यास ब्रज रस प्रवाहक श्री रमण बिहारी शरण जी महराज ने रामचरित मानस क़ी चौथे दिन क़ी कथा में भगवान श्री राम जी व परशुराम राम जी के सीता स्वयंबर पर हुए वार्तालाप का बखान करते हुए कथा व्यास महराज श्री ने बताया भगवान जनकपुर पहुंचकर वहां के सभी नर नारियो के मन को मोहित कर लिए, गुरूजी के आदेश पर प्रभु पुष्प वाटिका में प्रवेश किए जहां जगत जननी मां गौरी के पूजन के लिए पधारी थी, पश्चात प्रभु श्री स्वयंबर में पहुंचे, जहां देश देश के राजा आए थे, सभी भगवान के सुंदर रूप को देखकर सममोहित हो गए, सभी ने खडे होकर भवन का स्वागत किया, महराज श्री ने आगे विस्तार करते हुए परशुराम लक्ष्मण संवाद पर सुंदर कथा सुनाई, श्री सीताराम जी के विवाह प्रसंग से सभी भक्त भाव विभोर हो गए, सुंदर झाकियों का दर्शन भक्तों ने किया।



### सहनशीलता मानव जीवन का श्रेष्ठ आभूषण है

*महराज श्री ने आगे बताया धर्म के लिए अलग से कर्म करने की आवश्यकता नहीं अपितु जो कर्म हम कर रहे हैं उसको ऐसे पवित्र भाव से करें कि वह धर्म भक्ति हमारे जीवन में वैभव ऐश्वर्य संपत्ति तो नहीं देती। पर आंतरिक शांति प्रसन्नता और प्रभु से मिलाती है। जबकि माया में हमें संसारिक वैभव संपत्ति तो प्राप्त होती है। लेकिन जीवन अशांत तथा ह्रदय में सदैव उथल पुथल मचा रहता है। अतः व्यक्ति को माया का परित्याग कर भक्ति का आचरण करना चाहिए। जो चीर और सनातन है। विनम्रता और सहनशीलता मानव जीवन का श्रेष्ठ आभूषण है महान वह नहीं है जिसके जीवन में सम्मान और प्रतिष्ठा है बल्कि महान वो हे जिसके जीवन में सहनशीलता है हमारा सुख इस बात पर निर्भर नहीं करता की हमारे पास कितनी संपत्ति है बल्कि इस बात पर निर्भर करता है कि हमारे जीवन में कितनी सम्मति है। सामर्थ का यह मतलब नहीं कि आप दूसरे को कितना झुका सकते हो अपितु यह है की आप झुके व्यक्ति को कितना सम्मान दें सकते हो अभिमानी और अहंकारी व्यक्ति समाज में सदैव अपमानित होता है और टूटता है इसलिए सदैव व्यक्ति को विनम्रता के साथ जीवन जीना चाहिए।*

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक छपोरा, तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना के संबंध**

दिनांक 18.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कोटवानी पिता मोहनला कोटवानी द्वारा आवेदित ग्राम छपोरा प.ह.नं. 24 राजस्व निरीक्षक मंडल तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 666/6 रकबा 0.263 का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार तिल्दा के आदेश दिनांक 27.03.2025 के परिपालन में दिनांक 01.05.2025 को समय 12:00 बजे को किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नं. 24 के छपोरा कार्यालय में संबंधित दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. छपोरा**

# 45 समितियों से 5580 क्विंटल धान गायब, 1 करोड़ 72 लाख रुपए की होगी वसूली, नहीं दिया तो एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 का करीब 5580 क्विंटल धान 45 समितियों से गायब हो गया है। समितियों के किए गए भौतिक सत्यापन के बाद यह गड़बड़ी सामने आई है, जिसके बाद अब खाद्य विभाग ने गायब धान के बदले समितियों से राशि की रिकवरी करने के लिए नोटिस जारी किया है। इन नोटिस के बाद भी अगर समितियों ने गायब धान के बदले राशि जमा करने की पहल शुरू कर दिए हैं, लेकिन कई समिति प्रबंधक गायब धान को सूखत बताते हुए राशि देने से इनकार भी कर रहे हैं। इसे देखते हुए विभाग अब ऐसी समितियों के खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी में है।

## इन समितियों से इतना धान गायब



| समिति | धान (क्विंटल में) |
|---|---|
| गुमा | 560 |
| नगपुरा | 480 |
| तामासिवनी | 419.20 |
| पोंड | 318.80 |
| फरहदा-खरोरा | 300.40 |
| मुनरेठी | 280 |
| खरोरा | 243.60 |
| सरोरा | 229.20 |
| कोसरंगी | 226.40 |
| बुडेरा | 217.20 |
| बेल्दासिवनी | 202.40 |
| कनकी | 193.60 |
| खोरसी | 188.40 |
| गोइंदा | 183.20 |
| नरदहा | 163.60 |
| धरसींवा | 149.60 |
| पलौद | 142 |
| बेल्दारसिवनी | 118 |
| तिल्दा | 116 |
| टोहडा | 110 |
| मोखला | 96 |
| असौंदा | 86.80 |
| बंगोली | 86.80 |
| दतरेंगा | 71.20 |
| जरौद | 68.80 |
| धरमपुरा | 68.40 |
| बुढेनी | 63.60 |
| लखौली | 52.80 |
| छड़िया | 30 |
| सोंडरा | 29.60 |
| सुंदरकेरा | 26.80 |
| उरला | 23.20 |
| दोंदेकला | 10.80 |
| नगरगांव | 10 |
| बेंद्री | 07.60 |
| खौना | 02 |
| केंद्री | 0.80 |
| सारागांव | 0.80 |
| अमोदी | 0.40 |
| कठिया-नवापारा | 0.40 |
| टेकारी मंदिर हसौद | 0.40 |
| नगपुरा | 0.40 |
| नवापारा | 0.40 |
| नारा | 0.40 |
| सकरी अभनपुर | 0.40 |

### रिकवरी का पूरा प्रयास नहीं तो एफआईआर

नोटिस के बाद कई समितियों ने गायब धान या बदले में राशि जमा कराई है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना शेष है। बचे धान की रिकवरी का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कई समितियां सूखत बताकर लौटा नहीं रही हैं। नहीं लौटाने पर एफआईआर कराएंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक रायपुर


### 16500 क्विंटल हुआ था गायब 10920 क्विंटल कराया जमा

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले में कुल 139 समितियों ने किसानों से समर्थन मूल्य पर 6997417.20 क्विंटल धान खरीदा था। इसके एवज में 45 समितियों से 16500 क्विंटल धान गायब मिला था, जिसका खुलासा खाद्य विभाग द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में हुआ। इस तरह प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए के हिसाब से 5 करोड़ रुपए से अधिक कीमत का धान इन समितियों से गायब हुआ। विभागीय अधिकारी का कहना है कि भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी गई, जिस पर कलेक्टर ने इस मामले में संबंधित समितियों से गायब धान के बदले राशि रिकवरी करने और नहीं देने पर गाइड लाइन के तहत कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के परिपालन में विभाग ने इन समितियों को नोटिस जारी किया था। इस नोटिस के विरुद्ध कई समितियों ने धान और बहुतों ने धान के बदले राशि भी लौटाई। इस तरह समितियों ने 10920 क्विंटल की भरपाई कर दी है, लेकिन अभी भी 5580 क्विंटल धान की रिकवरी किया जाना बाकी है।

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार में निगम को 17119 मांगें और 2478 शिकायतें मिलीं

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तहत रायपुर नगर निगम को अब तक कुल 19 हजार 597 आवेदन किए गए हैं। इन आवेदनों में 17119 मांगें और 2478 शिकायतें की गई हैं। इन मांगों और शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा की जा रही हैं। शहर के सभी 70 वार्डों में सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल शिविर लगाकर लोगों के मांग और समस्या से संबंधित आवेदन लिए गए हैं। दूसरे चरण में इन आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया जारी है। इस अभियान का तीसरा चरण 5 मई से शुरू होकर 31 तक चलेगा। इस दौरान समाधान शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें आवेदन करने वाले लोगों को उनकी मांग व शिकायतों का किए गए निराकरण की पूरी जानकारी दी जाएगी। शिविर में आए आवेदनों में कई शासकीय विभागों से सम्बंधित मांगे और शिकायतें आई हैं। इनमें 6817 मांगों और 665 शिकायतों को संबंधित विभागों को निराकरण करने के लिए भेजा गया है।



## कांग्रेस ने ईडी दफ्तर का घेराव कर उसका नाम भाजपा कार्यालय रखा

# राजीव भवन घेरने निकले भाजपाइयों को पुलिस ने रोका, भाजपा ने फूंका सोनिया-राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम ईडी की चार्जशीट में दायर होने के बाद इस मामले में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने आ गए हैं। शुक्रवार को भाजपा ने राजीव भवन घेराव करने का प्रयास किया। भाजपाइयों को पुलिस ने रास्ते में ही रोक लिया। इसके बाद भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। राजीव भवन में भी कांग्रेसी एकत्रित हो गए थे। यूथ कांग्रेस ने रायपुर में ईडी दफ्तर का घेराव किया और उसका नाम भाजपा कार्यालय रख दिया है।

ईडी की चार्जशीट को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। शुक्रवार को भाजपा भी मैदान पर उतर गई। प्रदेश में भाजपा ने कई जिलों में कांग्रेस भवन का घेराव किया और सोनिया गांधी, राहुल गांधी के पुतले फूंके। राजधानी रायपुर में भी भाजपा ने राजीव भवन का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उनको रास्ते में ही रोक दिया। भाजपा नेता राजीव भवन तक पहुंच जाते, तो बड़ी घटना हो सकती थी, क्योंकि कांग्रेसी भी राजीव भवन में भारी संख्या में एकत्रित हो गए थे। भाजपा के राजीव भवन घेराव और आंदोलन में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रदेश प्रवक्ता केदार नाथ गुप्ता सहित कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।







### ईडी की कार्रवाई मोदी सरकार की साजिश : दीपक बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी सत्ता की कठपुतली बनकर सरकार के अनुचित दबाव में अपनी सीमा और मर्यादा भूल चुकी है। न्यायालय ने पहले भी स्पष्ट तौर पर कहा है कि ईडी की कार्रवाई उसके तय मैनुअल के खिलाफ है। नेशनल हेराल्ड मामले में तो भाजपा के एक नेता के निजी परिवाद पत्र को आधार बनाकर ईडी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगा रही है, जो सर्वथा अनुचित है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट मोदी की घबराहट को दिखाता है। जिस मुखरता से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मोदी सरकार को लगातार कटघरे में खड़ा कर रहे हैं, जनता की आवाज उठा रहे हैं, उससे घबरा कर मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से यह षड़यंत्र रचा है।




### ईडी का बदला नाम

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर की गई कार्रवाई के विरोध में यूथ कांग्रेस ने शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि ईडी की एफआईआर कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल किए जाने का प्रयास है। यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में कार्य कर रही है। इस कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंचकर इसका नाम भारतीय जनता पार्टी प्रवर्तन कार्यालय रख दिया गया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला, आदिल आलम, सोनू शर्मा, संदीप वोरा, प्रदेश सचिव फहीम शेख, रुचिर दुबे, अमिताभ घोष सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 'द लेंस' लॉन्च




**रायपुर।** न्यूज वेबसाइट द लेंस की लॉन्चिंग शुक्रवार को प्रेस क्लब में की गई। मुख्य वक्ता दिल्ली विवि के प्राध्यापक और लेखक प्रो .अपूर्वानंद रहे। वरिष्ठ पत्रकार व लेखिका नीरजा चौधरी और द वायर के संस्थापक संपादक सिद्धार्थ वरदराजन भी कार्यक्रम में बतौर वक्ता शामिल हुए। सैकड़ों की संख्या में पत्रकार इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। वेबसाइट के संपादक रुचिर गर्ग ने वर्तमान पत्रकारिता की चुनौतियों पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। अतिथि वक्ताओं ने वैश्विक परिवेश में पत्रकारिता के बदलते आयामों पर चर्चा की।

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- अस्पताल में मरीजों तक समय पर दवाएं उपलब्ध कराना सीजीएमएससीएल का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- दीपक म्हस्के ने सीजीएमएससीएल के अध्यक्ष का पदभार किया ग्रहण

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा, डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में सीजीएमएससीएल का गठन हुआ था। तब अमर अग्रवाल उस सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे। दूरस्थ अंचलों में हमारे अस्पतालों में मरीजों तक समय पर दवाएं उपलब्ध कराना सीजीएमएससीएल का उद्देश्य था। तब इस कॉर्पोरेशन ने बहुत अच्छे ढंग से काम किया, लेकिन बीच के कांग्रेस शासन के पांच साल में इस कॉर्पोरेशन में घोटाले हुए, जिनकी जांच हो रही है। श्री साय ने भरोसा दिलाया कि मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल और श्री म्हस्के मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को बहुत अच्छे ढंग से आगे बढ़ाएंगे। श्री साय ने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष और प्रदेश सरकार के कार्यक्रमों व जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की और प्रदेश में भाजपा शासनकाल में स्वास्थ्य सेवाओं व सुविधाओं के हुए विस्तार का जिक्र भी किया और कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में प्रदेश सरकार तेजी से काम कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सीजीएमएससीएल को दवाओं की समय पर उपलब्धता, आधारभूत संरचना को मजबूत करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दृष्टि से उपयोगी संस्था बताते हुए कहा कि सीजीएमएससीएल की जो छवि पिछले कांग्रेस शासन के दौरान धूमिल हुई है, उसे ठीक करने का काम श्री म्हस्के करेंगे, यह विश्वास हम सबको है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, मंत्री दयालदास बघेल, विधायक अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, इंद्रकुमार साहू, रोहित साहू, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, अनुराग सिंहदेव, रामप्रताप सिंह, महापौर मीनल चौबे, डॉ. सलीम राज, मोना सेन, लोकेश कावड़िया, वर्णिका शर्मा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, अमरजीत छाबड़ा, राजीव अग्रवाल, संदीप शर्मा, केदार गुप्ता, शशांक शर्मा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग सहित काफी संख्या में भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर विभागीय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

### लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल ने किया पदभार ग्रहण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा, छत्तीसगढ़ राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है, यहां कृषि औजारों के निर्माण सहित विभिन्न शिल्प कलाओं के निर्माण में लौह शिल्पकारों की प्राचीन काल से ही अहम भूमिका रही है। हमारे प्रदेश के हर क्षेत्र एवं हर गांव में लौह शिल्प से जुड़े शिल्पकार निवासरत हैं और वो अपनी जीविकोपार्जन के लिए ही नहीं बल्कि अपने परम्परागत व्यवसाय के माध्यम निर्माण के क्षेत्र में अहम भागदारी निभा रहे, नवनियुक्त अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा के नेतृत्व में बोर्ड शिल्पकारों के उत्थान एवं शिल्प कला को नई ऊंचाइया प्रदान करेगा। कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, विश्वकर्मा समाज का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। कहते हैं भगवान श्री विश्वकर्मा इस सुंदर संसार का सृजन किए। पहले गांव में कोई भी कार्य विश्वकर्मा समाज के लोगों के बिना पूर्ण नहीं हो पाता था चाहे कृषि का कार्य हो या शादी-ब्याह। सभी में लोहे से बने औजारों का उपयोग करते थे। आज लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के माध्यम से ऐसे प्रतिभाशाली शिल्पकारों को पहचान कर उनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है।

### महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पकड़ी गड़बड़ी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने बालोद जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी किशन टंडन क्रांति को कर्तव्यों में घोर लापरवाही और विभागीय योजनाओं के संचालन में गंभीर अनियमितताओं के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस आशय का आदेश विभाग ने जारी कर दिया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विगत 15 अप्रैल को बालोद दौरे के दौरान शासकीय योजनाओं एवं आमजनों की सुविधा को देखते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था, जिसमें कई खामियां उजागर हुईं। श्रीमती राजवाड़े के निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टंडन जिला मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जबकि यह अपेक्षित था कि वह स्वयं मंत्री के दौरे के समय उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की प्रगति प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पाररास (इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 18/1) में फर्जी उपस्थिति दर्ज, पोषण ट्रैकर ऐप में अधूरी प्रविष्टियां, सखी वन स्टॉप सेंटर की निष्क्रियता और करकाभांठ केंद्र में गंदगी जैसे कई गंभीर मुद्दे सामने आए। साथ ही, विभागीय बैठकों में नियमित अनुपस्थिति का आरोप भी श्री टंडन पर है। इन सभी खामियों को गंभीर मानते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने समीक्षा बैठक में नाराज़गी जताते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।



# प्रधानमंत्री फसल बीमा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के शानदार प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 12वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकेंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य के मोहला-मानपुर-चौकी और सक्ती को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 18-19 अप्रैल 2025 को तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हो रहा है।

## 5 से 31 मई तक लगेंगे समाधान शिविर, एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा

# सुशासन तिहार से जागी उम्मीद, आवेदकों की पूरी होने लगी मांग, मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्यभर में शुरू हुए सुशासन तिहार का असर अब दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ के शहरों से लेकर गांवों तक में लाखों लोगों ने इस अभियान के माध्यम से अपनी मांगें और शिकायतें सरकार तक पंहुचाईं। इसके बाद से ही सरकारी अमला मांगों और शिकायतों पर कार्यवाही में जुटा है।

प्रदेश के कई जिलों से अब आवेदकों की मांग पूरी होने की जानकारी मिली रही है। लोगों ने शासन की इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार-2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए हैं। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### आयुष्मान कार्ड चाहा था, बन गया

महासमुंद जिले में पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत जंघोरा निवासी मनोहर सिंह पटेल ने आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, लेकिन तकनीकी कारणवश उनका कार्ड नहीं बन पाया था, जिससे उन्हें योजना को लाभ नहीं मिल पा रहा था। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और मात्र 24 घंटे के भीतर समाधान कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा द्वारा 15 अप्रैल को सूचना दी गई कि उनका आयुष्मान कार्ड बनकर तैयार हो गया है और अगले ही दिन उन्हें कार्ड हाथों में प्रदान कर दिया गया।



### महिला का बना श्रमिक कार्ड

श्रम विभाग में प्राप्त आवेदन में जिसमें नगर निगम राजनांदगांव के शीतला माता वार्ड निवासी भारती देवांगन की समस्या का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया गया और उन्हें तत्काल श्रमिक कार्ड बनाकर दिया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत भारती देवांगन ने श्रमिक कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत श्रमपदाधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में आवेदन किया गया था।

### बैगा आदिवासी को मिली ट्राइसिकल

*बिलासपुर जिले में कोटा ब्लॉक के ग्राम के ग्राम पंचायत करका निवासी मंगल सिंह बैगा को आवेदन देते ही महज 24 घंटे के भीतर ट्राइसाइकिल मिली। वे दिव्यांग पेंशन की पात्रता सूची में भी आ गए हैं जल्द ही उन्हें पेंशन भी मिलने लगेगी। सुशासन तिहार के मद्देनजर कलेक्टर श्री अवनीश शरण के मार्गदर्शन में उनके आवेदन को गंभीरता से लिया गया और उन्हें ट्राइसाइकिल दी गई। सुशासन तिहार के दौरान मंगल सिंह बैगा ने ट्राइसिकल और पेंशन के लिए आवेदन 10 अप्रैल को दिया था। उन्हें 11 अप्रैल को ही समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राइसिकल प्रदान करने की सूचना दी गई। लेकिन उन्होंने 15 अप्रैल को ट्राइसाइकिल लिया।*

### राशन कार्ड में जुड़ा नाम, अब मिलेगा राशन

*बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत धुरागांव निवासी शम्भूनाथ कश्यप के परिवार में पहले केवल दो सदस्य माता समली कश्यप और वह स्वयं ही थे लेकिन तीन वर्ष पहले विवाह होने के बाद पत्नी महादई कश्यप और दो साल का बेटा प्रभात भी अब परिवार में सदस्य हैं। इन दोनों का नाम उन्हें प्रदत्त प्राथमिकता राशनकार्ड में शामिल नहीं था। इसे देखते हुए शम्भूनाथ ने राशनकार्ड में अपनी पत्नी और बेटे का नाम जुड़वाने के लिए सुशासन तिहार के अंतर्गत 11 अप्रैल को आवेदन ग्राम पंचायत में जमा किया था, उक्त आवेदन पर एक सप्ताह के भीतर ही कार्यवाही कर राशनकार्ड में नाम जोड़कर उसे नया राशनकार्ड प्रदान कर दिया गया।*

### ड्राइविंग लाइसेंस मिला

*इसी क्रम में रायपुर जिले के ग्राम सांकरा निवासी विकास मिश्रा ने ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। उन्हें विश्वास था कि सुशासन तिहार के तहत उनकी मांग पर शीघ्र कार्रवाई होगी। आवेदन प्राप्त होते ही परिवहन विभाग द्वारा श्री मिश्रा से संपर्क किया गया। उन्हें विभागीय कार्यालय बुलाकर आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई और ड्राइविंग टेस्ट लिया गया। सभी औपचारिकताओं के उपरांत उनका लर्निंग लाइसेंस जारी कर किया गया।*

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में धावा नकदी और जेवर पार

रायपुर। विधानसभा थाना में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ सूने मकान से नकदी 70 हजार रुपए सहित डेढ़ लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेमरिया निवासी लता साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। लता ने पुलिस को बताया कि कोई अज्ञात चोर उसके सूने मकान में धावा बोलकर मेन गेट का ताला तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया और आलमारी में रखी नकदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया।

## निधन

### सुखमत बाई साहू



रायपुर। दुर्गापारा संतोषी नगर निवासी सुखमत बाई साहू का 18 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे लालजी साहू की धर्मपत्नी एवं होमेंद्र साहू की माता थीं।

### राजकुमारी देवी अग्रवाल



रायपुर। समता कॉलोनी निवासी राजकुमारी देवी अग्रवाल का 17 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 अप्रैल को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे ईश्वर लाल अग्रवाल की पत्नी एवं अग्र सेवा सोसायटी' के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल की माता थीं।

### पुष्पाबेन व्यास



रायपुर। देवेन्द्र नगर निवासी पुष्पाबेन व्यास का 18 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में की गई। वे हितेन्द्र, हितेश, भावेश व्यास, नम्रता बेन जोशी और मीना बेन कांचा की माता व मेहुल, उत्सव, आदित्य, भव्य, सौरव, गौरव की दादी थीं।

# बिना पंजीयन वाले डाक्टरों से प्रैक्टिस कराने पर अस्पतालों पर होगी कार्रवाई, मांगी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ होटलों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर ओपीडी चलाने की शिकायत पर विभाग गंभीर

खास खबर

मेडिकल काउंसिल में बिना पंजीयन वाले डाक्टरों से मरीजों का इलाज कराने वाले अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तमाम अस्पतालों को नोटिस देकर अस्पताल में काम करने वाले डाक्टरों की सीजीएमसी में पंजीयन की जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों और होटलों में ओपीडी चलाने वालों पर भी विभाग ने गंभीरता दिखाई है। अक्सर यह बात सामने आती है कि विभिन्न गंभीर बीमारियों के इलाज के सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर राजधानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में होटलों सहित अन्य सार्वजनिक स्थान और निजी अस्पतालों में ओपीडी के माध्यम से मरीजों की जांच करते हैं। नियम के मुताबिक छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीयन के बिना कोई भी डाक्टर राज्य के किसी भी कोने में मरीज की जांच और इलाज नहीं कर सकता।

ऐसी बात सामने आई है कि बाहरी डाक्टरों का सीजीएमसी में पंजीयन नहीं होता है, इसके बावजूद उनके द्वारा प्रैक्टिस की जाती है, जो गैरकानूनी है। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में गंभीरता दिखाई है और जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उनके द्वारा तमाम निजी अस्पतालों को निर्देशित किया गया है कि काम करने वाले तमाम डाक्टरों का मेडिकल काउंसिल का पंजीयन सहित अन्य जानकारी तीन दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाए।

### होटलों में ओपीडी नर्सिंग होम एक्ट से परे

होटलों अथवा सार्वजनिक स्थानों पर ओपीडी का संचालन नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है। मरीजों की जांच के लिए विभिन्न तरह की सुविधाओं की आवश्यकता होती है। क्लीनिक के अलावा किसी अन्य स्थानों पर तमाम तरह की सुविधाएं मिलना मुश्किल है। निर्धारित स्थान के बजाए अन्यत्र मरीजों का इलाज करना छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद के नियम का उल्लंघन है। इसलिए सार्वजनिक स्थानों पर ओपीडी के आयोजन पर रोक लगाना आवश्यक है।



**चल चुका है पूर्व में अभियान :** बिना पंजीयन प्रैक्टिस करने वाले चिकित्सकों के खिलाफ पूर्व में अभियान चलाया जा रहा है। उस दौरान ग्रामीण इलाकों में कुछ ऐसे डाक्टरों को पकड़ा गया था जिनका सीजीएमसी में पंजीयन नहीं था इसके बाद भी उनके द्वारा मरीजों की जांच के साथ बीमारियों के उपचार के लिए दवाई भी दी जाती थी। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ऐसे क्लीनिकों को सील भी किया था। काफी समय से जांच नहीं होने की वजह इस तरह की शिकायतें सामने आने लगी थी।

### जानकारी मांगी गई

अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों के सीजीएमसी के पंजीयन के बारे में जानकारी मांगी गई है। बिना पंजीयन के ओपीडी का संचालन अथवा इलाज करना नियमों का उल्लंघन है।
- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

## महापौर मीनल चौबे ने कहा- मामले की जांच की जाएगी

# कमीशन का बड़ा खेल, बस स्टैंड में आकर्षक चबूतरों को तोड़कर बना दिए फूड स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के भाठागांव में बने अंतर्राष्ट्रीय बस स्टैंड में फूड दुकान के नाम पर कमीशन का बड़ा खेल हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय बस स्टैंड की डिजाइन को कई सीनियर इंजीनियरों की मदद से तैयार किया गया था और उसी डिजाइन के अनुसार करोड़ों रुपए खर्च कर बस स्टैंड का निर्माण भी किया गया।

बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा और आकर्षक बनाने के लिए लाखों खर्च करके यहां करीब 20बायी10 फीट के तीन आकर्षक चबूतरों का निर्माण भी किया गया था, जिस पर हर दिन बड़ी संख्या में यात्री बैठकर आराम भी किया करते थे, लेकिन तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल में नगर निगम के जिम्मेदार लोगों ने बस स्टैंड का निर्माण पूर्ण होने के बाद न बस स्टैंड के निर्माण में छेड़छाड़ करते हुए चबूतरों को हटाकर उनके स्थान पर फूड की दुकानें बनाई हैं, जबकि ट्रैवल्स एवं फूड के लिए बस स्टैंड में पहले से ही अलग से अनेक दुकानें बनी हुई हैं। इधर इस मामले में महापौर मीनल चौबे का कहना है कि बस स्टैंड यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया जाता हैं। अगर चबूतरों को तोड़कर दुकानें बनाई गई हैं, तो इसकी जांच की जाएगी और जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### दर्जनों दुकानें बनीं, जिनमें ज्यादातर खाली

बस स्टैंड परिसर में फूड के लिए अलग से कई दुकानें बनाई गई हैं। ये दुकानें बस स्टैंड भवन के नीचे फ्रंट में हैं। इसके अलावा भी ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के बगल में 30 से 40 दुकानें हैं। इन दुकानों में मुश्किल से अभी तक कुछ दुकानें ही खुली हुई हैं, जबकि अन्य सभी दुकानें बंद या खाली पड़ी हैं। इतनी ज्यादा संख्या में दुकानों के निर्माण के बाद भी बस स्टैंड के आकर्षक चबूतरों को हटाया जाना एक बड़ा सवाल है, जिसके घेरे में कहीं न कहीं निगम के कई जिम्मेदार लोग भी हैं।






### तीन साल पहले हटा दिए गए चबूतरे

बस स्टैंड में बनाए गए चबूतरे करीब तीन साल पहले हटा दिए गए थे। इसके बाद इन चबूतरों पर दुकानों का निर्माण कर दिया गया हैं, जिनमें अब फूड की दुकानें संचालित हैं।

### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

बस स्टैंड यात्रियों की सुविधा के लिए है। चबूतरों को हटाकर फूड दुकानें बनाई गई हैं, तो इसकी जांच की जाएगी। जांच के बाद आगे की कार्यवाही करेंगे।
- मीनल चौबे, महापौर
नगर निगम रायपुर

### 50 करोड़ की लागत से बना है हाईटेक बस स्टैंड

जनता और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अंतरराज्यीय बस टर्मिनल को हाईटेक बनाया गया है। लगभग 50 करोड़ रुपए की लागत से बने बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर सारी सुविधाएं दी गई हैं। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदार लोगों द्वारा जबरदस्ती कुछ सुविधाओं के साथ छेड़छाड़ की गई है।

### जिला प्रशासन से स्वीकृति लिए बिना हटा दिए गए चबूतरे

बस स्टैंड में आकर्षक चबूतरों को बनाने में लाखों रुपए खर्च किए गए थे। इन चबूतरों के चारों तरफ बैठने के लिए काले रंग की आकर्षक फर्शी के अलावा चबूतरे के अंदर खाली स्पेस में हरियाली के लिए कृत्रित घास टर्फ भी लगाया गया था जो आकर्षक का केंद्र भी बना हुआ था। यात्री यहां बैठ कर हरियाली का मजा लेते हुए बस का इंतजार किया करते थे। सूत्र के अनुसार इन चबूतरों को हटाने के लिए जिला प्रशासन से भी स्वीकृति नहीं ली गई थी, जबकि आईएसबीटी का अध्यक्ष जिला कलेक्टर ही होता है। यह भी बड़ा सवाल है कि दोनों चबूतरों को फूड की दुकान में तब्दील करने संबंधित प्रस्ताव को अगर अनुमति नहीं मिली है, तो चबूतरों की जगह दुकानें कैसे बन गईं।

# शराब घोटालाः अनिल टूटेजा के ठिकानों पर सीबीआई की दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दो हजार करोड़ से ज्यादा के शराब घोटाला में दिल्ली की सीबीआई टीम ने शुक्रवार को जेल में बंद सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टूटेजा के अलग-अलग ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। छापे की कार्रवाई में सीबीआई की छह से ज्यादा टीम के शामिल होने की बात सामने आई है। छापे की कार्रवाई की सीबीआई ने किसी तरह से कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं की है।




■ तीन दिन पूर्व सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद दिल्ली की सीबीआई टीम ने की छापे की कार्रवाई

शराब घोटाला में अनिल टूटेजा को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए मंगलवार को जमानत दी है। जमानत मिलने के तीन दिन बाद सीबीआई टूटेजा के निवास में छापे की कार्रवाई करने पहुंची। छापे की कार्रवाई किस उद्देश्य के लिए की गई है, इसकी अब तक जानकारी नहीं मिल पाई है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद भी अनिल टूटेजा न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। इसकी वजह ईडी के साथ ईओडब्लू ने भी शराब घोटाला को लेकर अनिल टूटेजा को आरोपी बनाया है। टूटेजा के यहां कार्रवाई को देखते हुए आशंका व्यक्त की जा रही है कि सीबीआई आने वाले दिनों में शराब घोटाला से जुड़े अन्य लोगों के यहां छापे की कार्रवाई कर सकती है।

## पेज 11 के शेष ...

### रेल का सफर ....

जनरल कोच में यात्रियों की समस्या को सुनने कोई नहीं पहुंचता है। लगातार शिकायतों के बाद भी रायपुर से गुजरने वाली पुरी-अहदाबाद, पोरबंदर, समता, शिवनाथ समेत संपर्क क्रांति व हसदेव व लोकल ट्रेनों में पंखे तकनीकी खराबी के कारण बंद हैं। अधिकतर ट्रेनों के जनरल कोच में पंखे पूरी तरह बंद हैं, वहीं कुछ स्लीपर कोच में भी दो में से सिर्फ एक पंखा ही चल रहा है। समता एक्सप्रेस की जनरल बोगी में हरिभूमि ने जब स्थिति का जायजा लिया, तो कोच में तीनों पंखे बंद मिले, जबकि उस दौरान कोच में 100 से अधिक यात्री मौजूद थे।

### छुट्टियों के कारण ट्रेनों ....

आगामी 10 से 15 दिनों में कन्फर्म टिकट मिलना लगभग असंभव होता जा रहा है। मई के पहले और दूसरे सप्ताह में शादी समारोह, पारिवारिक आयोजन और छुट्टियों के कारण ट्रेनों पर भारी दबाव है। ऑनलाइन बुकिंग साइट्स पर भी सर्वर स्लो हो रहे हैं और कई यात्रियों की बुकिंग अधूरी रह जा रही है।

### सीजीपीएससी में गड़बड़ी ....

की गई। इसके बाद परीक्षार्थियों को बस के माध्यम से बारनवापारा के रिसार्ट ले जाया गया। रिसार्ट में पहले से दो साल्वर मौजूद थे। उपस्थित साल्वर ने परीक्षार्थियों को परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की जानकारी दी तथा परीक्षार्थियों को प्रश्न कैसे हल करना है, इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी को वापस होटल लाया गया।

**इस बिचौलिये ने साल्वर की व्यवस्था की:** परीक्षार्थियों को परीक्षा में मदद करने तथा पेपर हल करने साल्वर की व्यवस्था करने महासमुंद के किसी उत्कर्ष चंद्राकर का नाम सामने आया है। सक्सेस कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने वाले महासमुंद निवासी धर्मेंद्र साहू तथा बिलासपुर निवासी परितोष जायसवाल, उत्कर्ष के पुराने परिचित हैं। उत्कर्ष ने दोनों को साल्वर के रूप में हायर किया।

**बचाव के लिए पूरी सावधानी बरती गई :** परीक्षार्थियों को मदद कराने की बात किसी तरह बाहर लीक न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए परीर्थियों को बारनवापारा रिसार्ट पहुंचने के पहले बस में ही परिक्षार्थियों के मोबाइल, घड़ी, बेल्ट सहित तमान इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स बस में ही उतरवा लिए गए। परीक्षार्थियों को रिसार्ट में पेन ले जाने तक की अनुमति नहीं थी। परीक्षार्थियों को अपने साथ केवल पेंसिल ले जाने की अनुमति थी।

**महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में यह मिले :** छापे की कार्रवाई के दौरान सीबीआई को परीक्षार्थी जिस होटल में रुके थे, वहां का सीसीटीवी कैमरे का बैकअप मिला है। साथ ही छात्र जिस होटल में रुके थे, उस होटल का सीबीआई को बिल मिला है। साथ ही रिसार्ट बुक करने का बिल सीबीआई के हाथ लगने की जानकारी सूत्रों ने दी है। सीबीआई ने साल्वर से भी पूछताछ की है। सूत्रों के मुताबिक दोनों साल्वर ने सीबीआई को महत्वपूर्ण जानकारी दी है।

# किसी वार्ड में पेयजल तो कहीं नालों की सफाई नहीं, निरीक्षण और बैठक में मिल रही शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के किसी वार्ड में पेयजल की समस्या, तो किसी वार्ड में नाली-नालों की सफाई की समस्या बनी हुई है। ये समस्याएं लगातार नगर निगम के प्रमुख अधिकारियों और पदाधिकारियों के वार्ड भ्रमण एवं बैठक में सामने आ रही हैं।

इन समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करने के लिए अधिकारी और पदाधिकारी द्वारा सभी जोन कार्यालयों के अधिकारियों को निर्देशित भी किया जा रहा है। इसके बाद भी शहर में ज्यादातर वार्डों के कई मोहल्ले, बस्ती व कालोनियों में पेयजल और सफाई की व्यवस्था बड़ी समस्या बनी हुई है।





### महापौर ने पेयजल की समस्या दूर करने दिए निर्देश

महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को शासकीय अवकाश के दिन जोन-3 कार्यालय में बैठक ली। इस बैठक में जोन क्षेत्र के पार्षदों के साथ जल कार्य विभाग के अध्यक्ष संतोष साहू, जोन अध्यक्ष साधना साहू, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, कार्यपालन अभियंता जल नरसिंह फरेंद्र तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में महापौर ने जल विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिस भी वार्ड में पेयजल की समस्या की शिकायत आ रही है, उनका शीघ्र निराकरण करें। इस बैठक के दौरान कुछ स्थानीय लोग पानी की समस्या को लेकर कार्यालय पहुंचे। महापौर ने उनकी समस्या सुनकर अधिकारियों को तत्काल समाधान करने निर्देशित किया।

### कमिश्नर ने जोरा-लभांडी का निरीक्षण किया

नगर निगम कमिश्नर विश्वदीप ने जोन 9 अंतर्गत जोरा और लाभान्डी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जोरा में नाला नहीं बनने से लोगों को होने वाली परेशानी से बचने के लिए अधिकारियों को नया नाला के निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। नाला बनने से गंदा पानी की निकासी होगी। कमिश्नर ने जोरा में ही नालियों पर कुछ लोगों ने पाटा लगा रखे थे, जिससे इन नालों की सफाई नहीं हो रही थी। कमिश्नर ने अवैध पाटों को तोड़कर नालियों की अच्छी तरह सफाई कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के सामने मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए।


### जल भराव की समस्या होगी दूर

निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने भी जोन 1 अंतर्गत शिवाजी वार्ड में अधोसरंचना मद से 24 लाख रुपए की स्वीकृत लागत से निर्माणाधीन नाला के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। यह नाला पैराडाइज होटल से खमतराई बाजार तक बन रहा है। इसके निर्माण से बारिश के दिनों में सड़क पर होने वाली जलभराव की समस्या दूर हो सकेगी।

### आईसीएआई की उद्यमिता समिति में प्रदेश के सीए रवि



रायपुर । चार्टर्ड एकाउंटेंट सीए रवि ग्वालानी को भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई ) की उद्यमिता एवं लोक सेवा समिति में सहनामित सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह नामांकन संस्थान के परिषद वर्ष 2025-26 के लिए किया गया है। सीए रवि रायपुर शाखा के पूर्व चेयरमैन रह चुके हैं। वे छह वर्षों तक रायपुर शाखा की प्रबंध समिति के सदस्य रहे। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सीए रवि ग्वालानी ने बताया कि वे रायपुर में एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास करेंगे, जिसमें देशभर से वे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आमंत्रित किए जाएंगे, जो वर्तमान में आईएएस, आईपीएस, आयकर, जीएसटी या अन्य किसी लोक सेवा में कार्यरत हैं। यह भव्य आयोजन आईसीएआई के अध्यक्ष सीए चरणजोत सिंह नंदा के नेतृत्व में होगा।




### नाम सुधार संबंधी सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अंजलि पटेल, पिता श्री भगतराम पटेल, पति श्री विवेक पटेल, (**ANJALI PATEL, D/O MR BHAGATRAM PATEL, W/O MR VIVEK PATEL**) निवासी मकान क्रमांक 401, ब्लॉक ए-1, वालफोर्ट इन्क्लेव 2, पचपेडी नाका, रायपुर (छत्तीसगढ़), यह घोषणा करती हूं कि मेरे पासपोर्ट क्रमांक 23787561, जो दिनांक 14.10.2016 को अहमदाबाद (गुजरात) से जारी किया गया था, उसमें मेरा नाम अंजलि भगतराम (**ANJALI BHAGATRAM**) दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है।

मेरा सही नाम अंजलि पटेल, पति श्री विवेक पटेल, (**ANJALI PATEL, W/O VIVEK PATEL**) है, और मैं अब से सभी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी, शैक्षणिक, बैंकिंग एवं अन्य सभी दस्तावेजों व अभिलेखों में अंजलि पटेल (**ANJALI PATEL**) नाम से ही जानी और पहचानी जाऊंगी।

यह घोषणा सर्वसंबंधितों की जानकारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु की जा रही है।

**ANJALI PATEL C/O VIVEK PATEL
FLAT NO -401, BLOCK -A1,
WALLFORT ENLCAVE II, PACH-PEDI NAKA, RAIPUR (CG).**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में
मामला क्रमांकः 202504112800016/128**
विषयः- अ-20(3) सनः- 2024-2025
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी,
अनावेदक पक्षकार -

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा ग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी, निवासी- महाराणा प्रताप उद्यान के पास, श्याम नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 1959 की धारा 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित भूखण्ड क्रमांक-88, रकबा 500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति जवाहर लाल जोधानी के नाम पर धारित की जाती है। जवाहर लाल जोधानी की मृत्यु दिनांक 28/02/2008 को हो गया है, जिनके वारिसानों में श्रीमती सीता जोधानी पत्नि, देवेन्द्र कटारिया पुत्र, रेखा प्रेमचंदानी पुत्री, मंजू टिलवानी पुत्री, धीरज जोधानी पुत्र है, अन्य कोई वारिस नहीं हैं। अतएव आवेदिका द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 07/05/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/04/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर)
Manish Mishra
**नजूल अधिकारी
रायपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504112800015/127
मामले की श्रेणी :- राजस्व
विषयः- अ-20 (3) सन्:- 2024-2025
रायपुर प.ह.न. 00062 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी,
अनावेदक पक्षकार -**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं मौजा ग्राम तेलीबांधा रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीता जोधानी पति स्व. जवाहर लाल जोधानी, निवासी-महाराणा प्रताप उद्यान के पास, श्याम नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता अधिनियम 1959 की धारा 1959 की धारा 110 के तहत इस आशय का आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम तेलीबांधा स्थित भूखण्ड क्रमांक-92, रकबा 500 वर्गफुट भूमि आवेदिका के पति जवाहर लाल जोधानी के नाम पर धारित की जाती है। जवाहर लाल जोधानी की मृत्यु दिनांक 28/02/2008 को गया है, जिनके वारिसानों में श्रीमती सीता जोधानी पत्नि, देवेन्द्र कटारिया पुत्र, रेखा प्रेमचंदानी पुत्री, मंजू टिलवानी पुत्री, धीरज जोधानी पुत्र है, अन्य कोई वारिस नहीं हैं। अतएव आवेदिका द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 07/05/2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपित्त दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/04/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर)
Manish Mishra
**नजूल अधिकारी
रायपुर**

# गर्मी 42 डिग्री की ओर अग्रसर, दोपहर बाद मौसम बदला, शहर में ओलावृष्टि भी

रायपुर। मौसम को प्रभावित करने वाले विभिन्न सिस्टम के बीच शुक्रवार को रायपुर-बिलासपुर का तापमान 41 डिग्री के पार हो गया। दोपहर तक तेज गर्मी के बाद मौसम का मिजाज बदला। राजधानी समेत कई इलाकों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं सेजबहार सहित अन्य हिस्सों में ओलावृष्टि हुई। हवा की गति अधिक होने से मौसम में थोड़ी ठंडकता आई। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वर्तमान में बंगाल की खाड़ी से ठंडी और नमीयुक्त हवा आ रही है। आने वाले दिनों में भी दोपहर तक गर्मी और शाम होने के बाद मौसम में बदलाव होने की संभावना है। शुक्रवार को रायपुर-बिलासपुर का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार हो गया। दोपहर में गर्मी अधिक थी, इस बीच अचानक तेज हवा ने असर दिखाया और बादल छा गए, जो कई इलाकों में हल्के से मध्यम रूप में बरसे। सेजबहार सहित आसपास के इलाकों में काफी देर तक ओलावृष्टि भी हुई। अनुमान है कि शनिवार को भी एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ छींटे पड़ने अंधड़ चलने की संभावना है।




## बिजनेस साइट

# एसेट एलोकेशनः तनाव - मुक्त और सस्टेनेबल वेल्थ क्रिएशन का स्मार्ट रास्ता

रायपुर। एक सफल निवेश यात्रा केवल उच्च रिटर्न उत्पन्न करने के बारे में नहीं है यह एक खुशहाल और तनाव-मुक्त अनुभव का आनंद लेने के बारे में भी है। केवल हाई यील्ड्स प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करने से अक्सर समझौतापूर्ण निवेश प्रक्रिया हो सकती है। इसलिए, सस्टेनेबल वेल्थ क्रिएशन के लिए पूरी यात्रा के दौरान मौलिक निवेश सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक है ।

एसेट एलोकेशन अच्छे निवेश का एक फंडामेंटल हिस्सा है। इसके प्रति प्रतिबद्ध रहने से विभिन्न बाजार चक्रों में आपके समग्र निवेश अनुभव में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है।

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, एसेट एलोकेशन का सीधा सा मतलब है कि मैक्रो और माइक्रो आर्थिक स्थितियों के अनुसार उपयुक्त अनुपात में अपने निवेश को विभिन्न एसेट क्लास में आवंटित करना। चूंकि कई एसेट क्लास हैं जैसे कि इक्विटी, डेट, गोल्ड और रियल एस्टेट से जुड़े इंस्ट्रूमेंट आदि । ऐसे में ये तथ्य सामने लाना महत्वपूर्ण है कि सभी अलग-अलग हैं।

इक्विटी, सबसे जोखिमपूर्ण एसेट क्लास में से एक है, जिसे अक्सर उच्च रिटर्न के लिए जाना जाता है । दूसरी ओर, डेट अधिकतम रिटर्न के साथ स्थिरता लाता है। सोना मुद्रास्फीति के खिलाफ एक मजबूत हेज यानि बचाव के रूप में कार्य करता है जबकि रियल एस्टेट यील्ड को बढ़ाता है। हालांकि, सभी एसेट वर्गों के अपने अलग-अलग बाजार चक्र होते हैं और मूल्यांकन की गतिशीलता और जोखिम से रिवॉर्ड अनुपात के मामले में काफी भिन्न होते हैं ।

संक्षेप में, सभी एसेट वर्ग एक साथ बेहतर प्रदर्शन या कम प्रदर्शन नहीं करते हैं। कभी-कभी, सोना आगे रहता है जबकि अन्य पिछड़ जाते हैं, और कभी-कभी इक्विटी आगे निकल जाती है। एक ही एसेट वर्ग में पोर्टफोलियो को केंद्रित करने से जोखिम होता है और इससे काफी नुकसान हो सकता है। यहीं पर एसेट एलोकेशन मूल्यवान साबित होता है, जो संतुलन बनाए रखते हुए लंबी अवधि में निवेशकों को अच्छी तरह से रिवॉर्ड प्रदान करता है। यह एसेट वर्गों में जोखिम को विविधता प्रदान करता है, जिससे प्रत्येक वर्ग के अधिकतम रिटर्न और लाभ सुनिश्चित होते हैं। इस प्रोसेस में अनावश्यक तनाव भी पैदा नहीं किया जाता है।



**लोकनाथ साहू**
निदेशक, दिशा फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर

एसेट एलोकेशन / हाइब्रिड म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश करने से व्यक्तियों को प्रोफेशनल वेल्थ क्रिएशन द्वारा समर्थित एसेट एलोकेशन से लाभ मिलता है। एसेट एलोकेशन रणनीति को लागू करने और लंबी अवधि में धन बनाने के लिए एसेट एलोकेटर फंड, डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड और मल्टी- एसेट फंड जैसी योजनाएं विचार करने योग्य हैं।

डायनेमिक एसेट एलोकेशन चाहने वाले निवेशकों के लिए एक ऐसा फंड जिसमें निवेशक निवेश करने पर विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड (एफओएफ)। यह फंड इन-हाउस वैल्यूएशन मॉडल का उपयोग करके इक्विटी, डेट और गोल्ड म्यूचुअल फंड स्कीम्स / ईटीएफ में एलोकेशन को प्रभावशाली तौर पर मैनेज है। 28 मार्च, 2025 तक, इसने 9.50 प्रतिशत का एक साल का रिटर्न दिया है, साथ ही तीन साल और पांच साल में क्रमशः 12.86 प्रतिशत और 19.04 प्रतिशत का मजबूत सीएजीआर रिटर्न दिया है।

## खबर संक्षेप



### शातिर चोर गिरफ्तार, साढ़े पांच लाख का माल जब्त

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने खमतराई थाना क्षेत्र में अलग-अलग आधा दर्जन घरों में चोरी करने के आरोप में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने साढ़े पांच लाख रुपए के घरेलू सामान, सोने-चांदी के जेवर तथा नकदी जब्त की है। चोरी के आरोप में पुलिस ने जागेश उर्फ जग्गू चौहान को गिरफ्तार किया है।

### तस्कर पकड़ा गया, 60 हजार का गांजा जब्त




**रायपुर।** ग्राहक की तलाश में थैले में गांजा लेकर घूम रहने मुंगेली के तस्कर को गंज पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी से 60 हजार का गांजा बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नहरपारा इलाके में एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है। इस आधार पर पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी संदीप श्रीवास पहले तो बहाना बनाता रहा, मगर बाद में उसने आरोप स्वीकार लिया। आरोपी के खिलाफ 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### ट्रैफिक पुलिस जवानों को इलेक्ट्राल पावडर वितरित



**रायपुर।** एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने चौक-चौराहों पर यातायात ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को गर्मी से राहत एवं डिहाईड्रेशन से बचाव के लिए इलेक्ट्रॉल पाउडर एवं छतरी वितरण किया। इस दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान गर्मी से बचाव के लिए सामग्री रखने के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी डॉ. प्रशांत शुक्ला, डीएसपी सतीश ठाकुर एवं गुरजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### छग पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा को कैट ने दी बधाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा को कार्यभार ग्रहण करने पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात की। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमैन मगेलाल मालू, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिंदर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी।

# नई एंबुलेंस टेंडर प्रक्रिया पर उठने लगे सवाल, 375 वाहनों के लिए मांगा 10 करोड़ ईएमडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीजीएमएससी द्वारा एंबुलेंस सुविधा के संचालन के लिए जारी किए गए टेंडरों पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि छोटी कंपनियों को टेंडर से बाहर करने के लिए विसंगतिपूर्ण नियम बनाए गए हैं। पिछली बार एंबुलेंस संचालन कंपनी तय करने 3 सौ एंबुलेंस के लिये 50 लाख रुपये अर्नेस्ट मनी डिपाजिट की शर्त थी।

इस बार 375 एंबुलेंस के संचालन के लिए 10 करोड़ ईएमडी का नियम रखा गया है, वहीं दूसरे पेज में 6 करोड़ का उल्लेख किया गया है। जारी किए नये टेंडर में पिछली बार यानी वर्ष 2019 की प्रक्रिया की तुलना में इस बार अस्ष्ट शर्ते होने के साथ कई विसंगति होने का आरोप है। सूत्रों का कहना है कि 375 एंबुलेंस के लिए 10 करोड़ ईएमडी का उल्लेख एक पेज में, जबकि दूसरे में 6 करोड़ का उल्लेख है, जो भिन्नता को दर्शाता है। साथ ही एंबुलेंस सेवा की अर्नेस्ट मनी डिपाजिट की बड़ी राशि पर भी सवाल खड़े किये जा रहे हैं। इसके अलावा पूर्व में 10 फीसदी एएलएस सहित सौ एंबुलेंस के संचालन के नियम को बदलकर 5 साल का अनुभव, जिसे 3 साल 3 सौ एंबुलेंस के संचालन अनुभव का जिक्र किया गया है। कॉल सेंटर की क्षमता को 20 से बढ़ाकर 30 सीट और 3 साल का अनुभव होने की शर्त रखी गई है। पूर्व में तीन साल में 45 करोड़ के टर्नओवर का जिक्र था, जिसे बढ़ाकर 150 करोड़ औसतन टर्नओवर और 75 करोड़ का नेटवर्थ अनिवार्य किया गया है। आरोप है कि नियम में बदलाव से मध्यम और छोटे दर्जे की कंपनियां टेंडर से बाहर हो जाएंगी और बड़े टर्नओवर वाली कंपनी को इसका फायदा मिल जाएगा।

- पिछली बार 3 सौ एंबुलेंस के लिए 50 लाख रुपए निर्धारित थी ईएमडी
- नये टेंडर में विसंगति, छोटी कंपनियों को बाहर करने के लगाए जा रहे आरोप



### 60 अंकों का खेल

सूत्रों का कहना है कि नियम के मुताबिक तकनीकी मूल्यांकन में 60 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले वित्तीय बोली के पात्र माने जाते हैं। नियम के मुताबिक कंपनियों के लिए अंक निर्धारित करने के लिए अलग-अलग काम की जानकारी मांगी गई है जो छोटी कंपनियों के पास संभव नहीं है। आरोप है कि नियम इस तरह बनाए गए हैं कि ज्यादातर कंपनियां टेंडर के लिए पात्र नहीं होंगी इसका फायदा किसी एक को दिए जाने की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा रहा है।

### कंसोर्टियम की संभावना खत्म

जानकार लोगो का कहना है कि नये टेंडर कंसोर्टियम की अनुमति नहीं दी गई है। यानी सेवाओं का संचालन करने के लिए तीन-चार संस्थाएं आपसी सहमति के तहत काम करती है। पिछले नियमों सहित अन्य राज्यों में इस सिस्टम को मान्यता प्रदान की गई है। एंबुलेंस के साथ एमएमएयू, हाट-बाजार परियोजनाओं में भी कंसोर्टियम को प्रतिबंधित किया गया है जो छोटी संस्थाओं को इस नियम से दूर करता है। इन आरोपों के बीच टेंडर के नियमों में पुनर्विचार की मांग की गई है।

**यहां भर्ती पीएससी के माध्यम से, वहां डीन-डीएमई को सीधी भर्ती का अधिकार**

# संविदा में जॉब सिक्योरिटी का रिस्क इसलिए नहीं मिल रहे चिकित्सा शिक्षक, एमपी में सीधी भर्ती का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मेडिकल कालेजों में रिक्त पदों की पूर्ती के लिए संविदा भर्ती की प्रक्रिया कारगर नहीं हो पा रही है। जॉब सिक्योरिटी नहीं होने की वजह से डाक्टर इसके लिए हिचकिचाते हैं, जबकि मध्यप्रदेश के मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों को सीधी भर्ती का लाभ मिल रहा है। यहां असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती के लिए पीएससी के माध्यम से प्रक्रिया पूरी की जाती है और वहां डीन और डीएमई को भर्ती का अधिकार प्राप्त है। यहां प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर बनाने के लिए पदोन्नति का इंतजार किया जाता है और एमपी में जरूरत होने पर इन पदों पर सीधी भर्ती कर ली जाती है।

छत्तीसगढ़ में पुराने मेडिकल कालेजों में चिकित्सा शिक्षकों के पद रिक्त हैं। आने वाले दिनों में यहां शुरू होने वाले नये चिकित्सा महाविद्यालयों की फैकल्टी नये चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए बड़ी चुनौती बनने वाली है। एनएमसी की गाइडलाइन के अनुसार इन कालेजों में प्राध्यापक, सह- प्राध्यापक और सहायक प्राध्यापक की आवश्यकता होगी। प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालयों में रिक्त पदों की भर्ती के लिए संविदा प्रक्रिया अपनाई जाती है जिसमें सेवा सुरक्षा का अभाव है। सूत्रों का कहना है कि इसकी वजह से चिकित्सा शिक्षक पर्याप्त संख्या में नौकरी के लिए दिलचस्पी नहीं दिखाते है। रायपुर मेडिकल कालेज में थोक पदों पर निकली भर्ती में इंटरव्यू के लिए आने वाले गिनती के लोग इसके उदाहरण हैं। जबकि एमपी के मेडिकल कालेजों में रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जाती है। इसके लिए वहां डीन और डीएमई को अधिकार दिया गया है। तीनों पदों के लिए योग्यता के आधार पर वहां भर्ती की लिए आवेदन मंगाए जाते हैं जिसकी ओर छत्तीसगढ़ के डाक्टर भी काफी संख्या में प्रभावित होते हैं।



### पीएससी से भर्ती अटकी

सूत्रों के मुताबिक चिकित्सा महाविद्यालयों में पीएससी के माध्यम से असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती भी पिछले दो साल से नहीं हुई है। इसकी वजह से रिक्त पद खाली पड़े हुए हैं और प्रमोशन के लिए भी डीपीसी भी नहीं हुई है। मध्यप्रदेश में सिस्टम बनाया गया है कि ट्यूटर यानी एमबीबीएस के चिकित्सक भी बिना किसी प्रक्रिया के सात साल के सेवा के बाद एसोसिएट प्रोफेसर बन जाते हैं।

### रायपुर कालेज में ज्यादा स्टाफ

सूत्रों के अनुसार हाल में शुरू हुए मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी है। एनएमसी की मान्यता बचाने के लिए इधर-उधर का जोड़तोड़ किया जाता है। केवल रायपुर का शासकीय कालेज ही ऐसा है जहां की विभागों में अतिरिक्त शिक्षक कार्यरत हैं मगर उन्हें हटाया नहीं जा रहा है। चर्चा है कि दूसरे कालेजों में उनकी नियुक्ति केवल सिफारिश की वजह से नहीं की जा रही है।

### संविदा डाक्टर नियमित नहीं

प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत संविदा डाक्टर भी बड़ी चुनौती है। इनकी संख्या 200 से अधिक है जिन्हें अब तक स्थायी नहीं किया गया है। इनमें से कई चिकित्सक तो संविदा आधार पर ड्युटी करते-करते सेवानिवृत होने की कगार पर पहुंचने लगे हैं। जानकार लोगों का कहना है कि संविदा चिकित्सकों को अगर नियमित किया जाता है तो कालेजों में फैकल्टी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है।

**पेयजल समस्या को लेकर दक्षिण विधायक ने ली बैठक**

# सुनील सोनी बोले- सभी वार्डों में नियमित पेयजल आपूर्ति हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने दक्षिण विधानसभा के जोन अध्यक्षों एवं पार्षदों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति नियमित रहने के निर्देश दिए।

श्री सोनी ने पार्षदों से वार्डवार विभिन्न विषयों पर समीक्षा की। पार्षदों ने अपनी आवश्यकताओं और समस्याओं पर भी चर्चा कर सुझाव दिए। बैठक में उन्होंने आगामी माह की तैयारी रखने के निर्देश दिए, विशेषकर पेयजल की समस्या कहीं ना हो, इस हेतु विशेष तैयारी करने के साथ-साथ पानी टंकी के भराव, रजिस्टर संधारण इत्यादि के लिए कहा। उन्होंने कहा पार्षद समय-समय पर जांच करते रहें, किसी भी वार्ड में पानी की किल्लत ना हो। वार्ड स्तर पर पानी के प्रेशर, पाइप लाइन, मरम्मत इत्यादि से संबंधित समस्याओं को समय रहते पूरा किया जाए। इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, एमआईसी सदस्य जलकार्य विभाग संतोष साहू, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्रीप्रसाद गुप्ता, जोन अध्यक्ष 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, पार्षद दुर्गा यादराम साहू, श्रीमती अंजली गोलछा, श्रीमती स्वप्निल मिश्रा, श्रीमती संजना हियाल, प्रमोद कुमार साहू, अजय साहू, रमेश सपहा, रवि सोनकर सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।

### प्रसन्ना केंद्रीय प्रतिनियुक्त पर, उनकी जगह दासन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रसन्ना आर. प्रतिनियुक्ति पर भारत सरकार के गृह मंत्रालय में सेवाएं देंगे। अब तक राज्य में वे उच्च शिक्षा विभाग में सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे थे। श्री प्रसन्ना के स्थान पर अब डॉ. एस. भारतीदासन की नियुक्ति की गई है। उच्च शिक्षा विभाग आयुक्त ने श्री प्रसन्ना को विदाई देने और श्री दासन के स्वागत के लिए 21 अप्रैल को एक कार्यक्रम आयोजित किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

**बिजनेस साइट**

## वी वाय हॉस्पिटल को एनएबीएच से मिली पूर्ण मान्यता, स्वास्थ्य सेवाओं में रचा नया कीर्तिमान

**रायपुर।** शहर का सुप्रसिद्ध सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल वी वाय हॉस्पिटल अब स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति में एक नया अध्याय जोड़ चुका है। अत्याधुनिक तकनीकों और विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित इस अस्पताल को हाल ही में एनएबीएच (नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स) की पूर्ण मान्यता प्राप्त हुई है। यह उपलब्धि न केवल अस्पताल के लिए, बल्कि पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है। अब जनरल सर्जरी, लेजर व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, हड्डी रोग व ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, हृदय सर्जरी, कैंसर चिकित्सा, ब्रेन व न्यूरो सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट, स्त्री रोग, प्लास्टिक सर्जरी, दंत चिकित्सा, चर्म रोग, इंटरनल मेडिसिन और इंटेन्सिव केयर जैसे विभागों में वी वाय हॉस्पिटल एनएबीएच से प्रमाणित है। साथ ही अत्याधुनिक इमेजिंग तकनीक, विश्वसनीय लैब सेवाएं और कुशल रिहेबिलिटेशन थैरेपी से भी यह हॉस्पिटल उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कर रहा है।

## छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को लेकर सीआईआई स्टेट काउंसिल की अहम बैठक



**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल की स्टेट काउंसिल बैठक हयात होटल रायपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीआईआई छत्तीसगढ़ स्टेट काउंसिल के चेयरमैन संजय जैन तथा वाइस चेयरमैन बजरंग गोयल ने की। इस अवसर पर काउंसिल के सदस्य, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं सीआईआई राज्य सचिवालय के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन राजीव अग्रवाल थे। उनके साथ उद्योग संचालनालय के निदेशक प्रभात मलिक, आईएएस विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर विस्तृत चर्चा की गई। सीआईआई के सदस्यों ने नीति, निवेश एवं आधारभूत ढांचे को लेकर कई रचनात्मक सुझाव रखे। इन सुझावों पर गंभीरता से प्रतिक्रिया देते हुए निदेशक प्रभात मलिक ने सहभागी दृष्टिकोण अपनाने और सभी मुद्दों को प्राथमिकता से सुलझाने का आश्वासन दिया।

स्वामी जी 93406-38884

नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025 — 10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार

1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार

1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार

2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार

3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार

1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

गुड फ्राइडे : हाथों में क्रूस लेकर निकले ...

## जॉब अलर्ट

### एडीईओ के 200 पदों के लिए भर्ती शुरू 2 मई तक ऑनलाइन आवेदन




**रायपुर।** प्रदेश में बेरोजगार युवाओं के लिए शासकीय भर्ती का प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में विकास आयुक्त कार्यालय से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहायक विकास विस्तार अधिकारी (एडीईओ) के 200 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया है, जिसमें 193 रिक्त एवं 7 बैकलॉग शामिल है। इस पद के लिए अभ्यर्थी को स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर को प्राथमिकता दी जाएगी। सीजी व्यापम की वेबसाइट में 2 मई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प 22 अप्रैल को, 61 पदों पर होगी भर्ती

बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कबीरधाम द्वारा 22 अप्रैल 2025 को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप जिला न्यायालय रोड स्थित रोजगार कार्यालय परिसर कवर्धा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्लेसमेंट कैंप में 61 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 'बीमा सखी के 50 पद, ग्रामीण वृत्तिक अभिकर्ता के 10 पद कंप्यूटर ऑपरेटर के 1 पद का कार्यक्षेत्र कबीरधाम जिला रहेगा। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने समस्त दस्तावेजों की मूलप्रति और छायाप्रति जैसे रोजगार पहचान पत्र, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, स्थायी जाति एवं निवास प्रमाणपत्र, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो (1 नग), ड्राइविंग लाइसेंस (यदि आवश्यक हो) के साथ नियत समय पर उपस्थित होना होगा। यह प्लेसमेंट कैम्प पूरी तरह निशुल्क है और नियुक्ति प्रक्रिया का संचालन संबंधित नियोजक द्वारा ही किया जाएगा। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

**विश्व लिवर डे आज,** शहर में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा होने से डॉक्टर्स ने 50 मरीजों की बचाई जान

# पत्नी ने सुहाग को तो माता-पिता ने बेटी को दिया लिवर, 3 से 10 किलो वेट घटाने महीनेभर संघर्ष

'जीवन में पति और बच्चों के लिए सबसे ज्यादा त्याग महिलाएं ही करती हैं। इस सच को परखने के लिए के लिए वैसे तो कई तरीके हैं। जब भी जरूरत पड़ी, अपने सुहाग को बचाने के लिए पत्नी हर पल साथ खड़ी होती है। माता-पिता भी बच्चों को बचाने के लिए अंग डोनेट करने से पीछे नहीं हटते। विश्व लिवर दिवस को सार्थक करने वाले एक्सपर्ट ही नहीं, रिश्तों की परवाह करने वाले भी अंगदान करने से गुरेज नहीं करते हैं।'

**रायपुर।** मानव तन का एक अहम अंग लिवर है। जो पाचन, डिटॉक्सिफिकेशन, मेटाबॉलिज्म और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करता है। लोगों को लिवर से जुड़ी बीमारियों से बचने और उसे हेल्दी रखने के तरीकों के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 19 अप्रैल को वर्ल्ड लिवर डे मनाया जाता है। अगर लिवर हेल्दी नहीं है तो शरीर पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई छोटी-छोटी आदतों को अपनाते हुए लिवर को स्वस्थ रख सकते हैं। गैस्ट्रो सर्जन एवं लिवर ट्रांसप्लांट एक्सपर्ट डॉ. अजीत मिश्रा ने अभी तक कई अस्पतालों में करीब 24 से ज्यादा पेशेंट का जीवन बचाया है। उन्होंने बताया कि किसी भी सरकारी अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा अभी रायपुर में नहीं है। वहीं तीन बड़े प्राइवेट अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया जारी है। जहां करीब 50 लोगों का जीवन डॉक्टर्स ने बचाया है।



### बेटी को बचाने पिता ने दिया लिवर

*बिलासपुर के रहवासी रमन गिरी गोस्वामी ने 2021 में 8 महीने की बेटी को बचाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि बेटी दिव्या की पित्त नली विकसित नहीं होने से लिवर में संक्रमण की स्थिति बनने से पीलिया की समस्या शुरू हुई। सैंपल जांच कराने पर पता चला कि लिवर ट्रांसप्लांट कराना पड़ेगा। इसके बाद रायपुर में प्रक्रिया करने पर डोनर के रूप में मेरा वजन 5 किलो ज्यादा था। इसे कम करने के लिए महीनेभर डाइट प्लान फॉलो करने के साथ ही वॉकिंग, जिम के साथ ही साइकिलिंग करने से वजन कम हुआ और अंत में वह दिन भी आया, जब अस्पताल से स्वस्थ बेटी को हंसते हुए लेकर घर वापस लौटा।*

### संतुलित रखें भोजन, मोटापे से बचें

डॉ. मिश्रा ने लिवर की समस्या से बचने के लिए बताया कि अभी तक जितने भी लिवर ट्रांसप्लांट हुए हैं। उनमें ज्यादातर परिवार के लोगों ने ही लिवर डोनेट किया हैं। रिश्तों को बचाने के लिए महिला व पुरुष डोनर्स ने एक्सपर्ट की सलाह पर चौंकाने वाले परिणाम दिए हैं। अपनों को बचाने में सफल भी हुए और नार्मल जीवन जीते हैं। एक्सपर्ट ने बताया कि लिवर की समस्या से बचने के लिए ज्यादा शराब पीने से बचें। हेपेटाइटिस-बी और सी का संक्रमण होने पर जांच व इलाज कराएं। खानपान संतुलित रखें और मोटापे की समस्या से बचें। नियमित 30-45 मिनट सुबह या शाम को व्यायाम, वॉकिंग और योग करें।

### पहली बेटी को खोना नहीं चाहती थी

बीजापुर निवासी सरिता कर्मि ने बताया तीन साल पहले पचपेड़ी नाका के पास स्थित प्राइवेट अस्पताल में बेटी शिवांशी का इलाज कराने के लिए पति खेमेश्वर कर्मि के साथ गई थी। डाक्टरों ने सैंपल की जांच रिपोर्ट देखने के बाद बेटी का लिवर खराब होने और उसे जल्द बदलने की सलाह दी। तब पति से चर्चा कर मैने लिवर डोनेट करने का निर्णय लिया। पहली बेटी को मैं खोना नहीं चाहती थी। मेरी जांच के बाद डॉक्टरों ने लिवर डोनेट के लिए सक्षम बताया। हमारे लिए अच्छी बात यह थी कि रायपुर में इलाज की सुविधा थी। दूसरे शहर जाने को बोलते तो शायद हम लोग इलाज का खर्च भी वहन नहीं कर पाते।

### जिम और वाकिंग से कम किया वेट



तेलीबांधा निवासी भाविका निहिचलानी ने बताया कि दो साल पहले पति मोहित को लिवर की समस्या हुई तो इलाज के लिए यहां-वहां भटकना पड़ा। पचपेड़ी नाका क्षेत्र में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल का चक्कर भी लगाना पड़ा। परिवार में मां उम्रदराज और भाई ओवर वेटेज होने से लिवर डोनेट करने में सक्षम नहीं थे। जब मैंने लिवर देने का निर्णय लिया तो चेकअप में 10 किलो वेट ज्यादा बताने के साथ इसे महीनेभर में कम करने कहा गया। वेट कम करने रोज एक घंटे जिम, दो घंटे वाकिंग के साथ योग से वजन संतुलित करने संघर्ष किया। अभी मैं और मेरे पति दोनों ही स्वस्थ होने के साथ ही नार्मल हैं।

## सिटी इवेंट

### आधुनिक सुविधा से लैस होगा दिव्यांग बेटियों का आशियाना



**रायपुर।** दिव्यांग बालिका विकास गृह में रहने वाली बेटियों के लिए सर्व सुविधायुक्त नवीन आशियाना तैयार हो रहा है। इसमें सभी आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसे सामाजिक सहायता योजना के तहत बनवाया जा रहा है। इसके माध्यम से महाराष्ट्र मंडल आजीवन सभासदों सहित शहर के दानदाता और उनके बच्चों में बचपन से त्याग, दान की भावना, प्राप्त आय से अल्प राशि कल्याणकारी कार्यों में व्यय करने की प्रवृत्ति डालने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही समाज के लिए जागृत, समर्पित करने की सोच को बेहतर करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इसके लिए हर वर्ग के लोग सहभागी बन रहे हैं।

#### समर्पण राशि देने के लिए अपील

दिव्यांग बालिका विकास गृह प्रभारी प्रसन्न निमोणकर ने बताया कि मंडल के दिव्यांग बालिका विकास गृह का भवन काफी जर्जर हो गया था। इसमें रहने वाली बच्चियों को परेशानी होनी शुरू हो गई थी। इसको देखते हुए सामाजिक सहायता योजना के तहत भवन का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। सभी वर्ग के लोग इस योजना में जुड़कर सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग भी कर रहे हैं। महाराष्ट्र मंडल ने इसके लिए अपने सदस्यों व दानदाताओं से 250 रुपए प्रतिमाह या एकमुश्त 2500 समर्पण राशि देने के लिए अपील किया है।



#### स्मृति में लोग कर सकेंगे सहयोग

मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि दानदाता अपने नाम अथवा अपने प्रियजन की स्मृति में भी क्षमतानुसार समर्पण राशि दे सकते हैं। दान राशि पर आयकर अधिनियम के अंतर्गत छूट का प्रावधान है। जिस तरह जन सहयोग से चौबे कॉलोनी में महाराष्ट्र मंडल का नया भव्य भवन निर्मित हुआ है। उसी तरह दिव्यांग बालिका विकास गृह के भवन में जीर्णोद्धार और निर्माण के लिए भी शहर के लोगों से इस भवन के लिए सहयोग मिलेगा।

## बिना पैथोलॉजिस्ट के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सटीक परिणाम प्राप्त करना मुश्किल

रायपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग द्वारा नेशनल पैथोलॉजी डे मनाया गया, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं का चयन अधिष्ठाता डॉ. रेणुका गहिने, विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल और प्रोफेसर डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रेणुका गहिने को सम्मानित किया गया, जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन पैथोलॉजिकल डायग्नोसिस पर विस्तार से जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल ने पैथोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर प्रकाश डाला और बताया कि बिना पैथोलॉजिस्ट के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सटीक परिणाम प्राप्त करना मुश्किल है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से नई बीमारियों की शीघ्र और कम श्रम में जांच के लाभों पर भी चर्चा की। वाद-विवाद प्रतियोगिता के बाद डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी ने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दोनों पहलुओं के बारे में समझाया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। डॉ. पुष्कर चौधरी ने भी इस विषय पर अपनी जानकारी प्रस्तुत की।




### डॉ. नेहा बनीं वाद-विवाद प्रतियोगिता की विजेता

कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सूदित पाल द्वारा किया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ. चंद्रकला जोशी, डॉ. वर्षा पांडे एवं डॉ. अमित भारद्वाज ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी। साथ ही अन्य पैथोलॉजिस्ट डॉ. विकास बाम्बेश्वर, डॉ. रिती शर्मा, डॉ. रुचि वर्मा, डॉ. कस्तूरी मंगरुलकर, डॉ. अनुभव चंद्राकर, डॉ. सरोज कुमारी, डॉ. अविरल मिश्रा, डॉ. मेघा वर्मा, डॉ. सोनल चंद्राकर, डॉ. रवीना यादव, डॉ. के. लीना एवं डॉ. संध्या यादव ने भी कार्यक्रम के सफल संचालन में योगदान दिया। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं एवं विजेता स्नातक छात्र भी मौजूद रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता की विजेता डॉ. नेहा चौधरी, द्वितीय डॉ. अमित बंजारा एवं तृतीय स्थान पर डॉ. बबीता रहीं।

## मैक पुरस्कार में मेधावियों और रेंजर-रोवर्स का हुआ सम्मान

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, समता कॉलोनी रायपुर में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 18 अप्रैल को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, चेयरमैन रमेश अग्रवाल और पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत मैक म्यूज़िक की सुमधुर प्रस्तुति और देशभक्ति नृत्य से हुई।




सत्र 2023-24 के यूनिवर्सिटी टॉपर्स, क्लास टॉपर्स, मेधावी छात्रों और रोवर-रेंजर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मैक फिएस्टा की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व जताया। अमर अग्रवाल ने नई शिक्षा नीति के महत्व को रेखांकित किया। चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने मैक को छात्रों के लिए सर्वसुविधायुक्त संस्थान बताया। कार्यक्रम का संचालन वर्तिका श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया, जिसमें शिक्षक, विभागाध्यक्ष व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्नर न्यूज

**गुनरस पिया फाउंडेशन की संगीत सभा में डॉ. साधना शिलेदार के सुरों ने श्रोताओं को बांधा**

## शास्त्रीय संगीत से सजी भक्ति की धारा, 'प्यारे पिया बिन मोहे' ने बांधा समां, सुरों में उतरा प्रेम और वैराग्य

**रायपुर।** शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा को जीवंत रखने के उद्देश्य से गुनरस पिया फाउंडेशन की ओर से महाराष्ट्र मंडल रायपुर के सभागृह में शुक्रवार को संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान सुरों की ऐसी महफिल सजी, जिसने संगीत के सभी वर्गों के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीतमय आयोजन की मुख्य प्रस्तुतकर्ता नागपुर की प्रख्यात शास्त्रीय गायिका विदुषी डॉ. साधना शिलेदार रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री मदन चौहान ने की, वहीं महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम राग मधुवंती से संध्या की शुरुआत हुई, जिसमें डॉ. शिलेदार ने "प्यारे पिया बिन मोहे" की विलंबित एकताल में प्रस्तुति दी। इसके पश्चात उन्होंने पं. गुणवंत व्यास द्वारा रचित द्रुत एकताल में बंदिश "नैय्या पार करो" प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने राग जोगकौंस में साढ़े नौ मात्रा के विशेष ताल पर गायन किया, जिसने शास्त्रीय रसिकों को विशेष आनंद दिया।






### देर रात तक संगीत का लिया आंनद

संगीत रसिकों ने देर रात तक संगीत की स्वर लहरियों का आनंद लिया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन आकाशवाणी रायपुर की उद्घोषिका डॉ. जय सिंग व धन्यवाद ज्ञापन दीपा व्यास ने किया। कार्यक्रम में कमला देवी संगीत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एम. श्रीराम मूर्ति , तबले पर अंचल के युवा तबला वादक बी. शरद एवं तानपुरे पर कावेरी व्यास ने सधी हुई संगत दी। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. भारती बंधु, पद्मश्री मदन चौहान, विनोद शेष, पं. संजय गिजरे उपस्थित रहे।

### विविध रंगों से सजी प्रस्तुति

मराठी नाट्य संगीत के अंतर्गत "मर्मबंधातली ठेव ही", कबीर भजन "शून्य गढ शहर", दादरा "बालमा ओ मोरे सैयां" तथा तुकाराम अभंग "बोलावा विट्ठल" जैसे विविध रंगों से सजी प्रस्तुति ने सभा को भक्ति व अध्यात्म के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का समापन राग भैरवी पर आधारित एक मधुर ऋतुगान से हुआ, जिसने समस्त श्रोताओं के मन में जीत लिया। कार्यक्रम में गुनरस पिया फाउंडेशन, महाराष्ट्र मंडल रायपुर व हनुमान मंदिर समिति तात्यापारा के पदाधिकारियों द्वारा डॉ. शिलेदार को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कलाकार डॉ. साधना ने शास्त्रीय गायन के अलावा नाट्य संगीत, भक्ति संगीत और उप-शास्त्रीय संगीत की विभिन्न शैलियों में अपना गायन प्रस्तुत किया।

सिटी लाइव

## सेवा कार्यों की वनबंधु परिषद की महिलाओं ने की समीक्षा, एकल गीत से मोहा मन





**रायपुर।** वनबंधु परिषद महिला समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन वृंदावन हॉल में हुआ। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि सभा की शुरुआत ओंकार ध्वनि, दीप प्रज्वलन और एकल गीत से हुई। इसके पश्चात समिति की विभिन्न प्रभारियों ने वर्षभर में किए गए सेवा कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। सभा में मकर संक्रांति प्रभारी शताब्दी पांडे, उपाध्यक्ष अनीता खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष संगीता मिश्रा, महिला समिति अध्यक्ष कांता सिंघानिया, सचिव सरिता रेखानी, मीडिया प्रभारी कविता राठी, वन यात्रा प्रभारी राजश्री, सेवा पात्र प्रभारी शशि बागड़ी, एवं महिला प्रवास प्रभारी शुभांगी आप्टे ने अपनी-अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट साझा की। समीक्षा के दौरान यह निष्कर्ष निकाला गया कि सेवा कार्यों की गति को और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली बनाने के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जाएगा। सदस्यों ने अपने अनुभवों व उपलब्धियों को साझा करते हुए भविष्य की दिशा तय करने हेतु सुझाव भी रखे। सभी ने परिषद को विश्वास दिलाया कि वे आने वाले समय में भी पूर्ण ऊर्जा व समर्पण के साथ सेवाभाव में तत्पर रहेंगे।

### ये रहीं उपस्थित

कार्यक्रम में रेखा अग्रवाल, संध्या गुप्ता, सुनीता लोहाटी, इंदु पटेल, सुषमा अग्रवाल, मीणा, रेणुका शर्मा, सुधा शर्मा, उमा चंद्रानी, रितु खंडेलवाल, रंजन मित्तल, मीरा अग्रवाल, पूजा जैन, आशा सोनी, प्रीति शर्मा, अर्चना अग्रवाल, सुचित्रा वर्धन, सविता सोनी, किरण अग्रवाल, सुमन अलका सिंघानिया, सत्यभामा अग्रवाल, सुशीला अवधिया, हर्षिता दीवान, पूजा छाबड़ा, श्रुति डहरिया, धर्मशिला गुप्ता, माला लामा, शशिकला सोनी, मंजू जैन, शैल यद्‌दु, पुष्पा साहू, पुष्पावती, मधु मित्तल, बलिंदर कौर, संध्या साहू, राखी शाह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

राजधानी के चर्चों में आराधना करने के बाद यीशु के जीवन प्रसंग से सजे गीतों को संगीत से सजाया

# गुड फ्राइडे : हाथों में क्रूस लेकर निकले मसीही, प्रभु यीशु की आराधना के बाद वचनों को किया याद

'गुड फ्राइडे पर चर्चों में जहां आराधना और प्रभु यीशु के प्रेम, त्याग और बलिदान को गीतों में संजोते हुए गायन किया गया। वहीं शैलेंद्र नगर स्कूल से मसीही समाज के द्वारा क्रूस यात्रा निकाली गई। इसमें हाथों में क्रूस लेकर सैकड़ों लोग यात्रा का हिस्सा बने। वहीं महागिरिजाघर में ही इसका समापन किया गया। इसके साथ ही आराधना के दौरान प्रभु यीशु के वचनों को भी याद किया गया, जिसमें उन्होंने हर मानव को सात वाणियों के रूप में संदेश दिया था।'







### सेवा, करुणा का संदेश देने संकल्प

आयोजन के बीच में बेन जोशुआ लॉरेंस ने मसीह भक्ति गीतों के माध्यम से आराधना का नेतृत्व किया। इससे उपस्थित समुदाय आत्मिय रूप से गहराई तक जुड़ता गया। चर्च परिसर में सन्नाटा, प्रार्थना और भक्ति का वातावरण व्याप्त रहा। मसीही समुदाय ने इस दिन प्रभु यीशु के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में प्रेम, सेवा और करुणा का संदेश फैलाने के लिए संकल्प किया। समाज को सात वाणियों से जोड़ने के लिए बेहतर प्रयास करने को लेकर मंथन के बाद ही लोग वापस घर लौटे।

**रायपुर।** पवित्र सप्ताह के रूप में मसीही समुदाय ने गुड फ्राइडे के मौके पर प्रभु यीशु ने मानवता की सेवा के लिए जिन यातनाओं का सामना किया, उसे पादरी और फादर्स ने लोगों के सामने सात वचन की महत्ता के रूप में सुनाया। इस तरह की प्रक्रिया शहर के सभी चर्चों और महागिरिजा घर में की गई। इसमें शामिल होने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे। कई चर्चों में सिगिंग के माध्यम से प्रभु यीशु के जीवन प्रसंग को पेश किया गया। इसे सुनने के लिए समाज के लोग भारी तादाद में मौजूद थे। इस पल को लोगों ने उत्साह से नहीं बल्कि स्मरण दिवस के रूप में मनाया। इसमें मसीही समुदाय ने यीशु के त्याग को श्रद्धा-भाव से याद किया। चर्चा के दौरान लोगों ने प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाए जाने से हुई पीड़ा को दिल से महसुस किया।

### ईस्टर पर मेला, शामिल होंगे लोग

मसीही समुदाय को बताया गया कि ईस्टर सर्विस शनिवार रात 11 बजे और रविवार सुबह 8 बजे होगी। मारथोमा चर्च शांति नगर में रेवरेंड सेंजो पी. वर्गीस (विकार जनरल) गुड फ्राइडे की आराधना सुबह 9 बजे की गई और ईस्टर की आराधना सुबह 5 बजे होगी। इस तरह से ईस्टर की आराधना सभी की हर क्षेत्र में प्रार्थना श्रृंखला होगी। ईस्टर पर युवा सभा द्वारा शाम छह बजे से सेंट पॉल्स कैथेड्रल परिसर में ईस्टर मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें मसीही समुदाय के लोग परिवार के साथ इसमें शामिल होंगे।



### प्रेम, क्षमा-बलिदान को याद करने

सेंट पॉल चर्च में गुड फ्राइडे पर आयोजित विशेष आराधना में मसीही समुदाय ने प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर दिए गए बलिदान को श्रद्धा और भावुकता के साथ स्मरण किया। इस पावन अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बिशप अमृतसर मनोज चरण मौजूद थे। उन्होंने प्रभु यीशु की सात वाणियों पर प्रेरणा दायक प्रवचन दिया। इसमें चर्च के सचिव, मसीह समुदाय प्रभारी, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के लोग भी शामिल हुए।नितिन लॉरेंस ने बताया कि गुड फ्राइडे केवल शोक का दिन नहीं, बल्कि प्रेम, क्षमा व बलिदान को याद करने का दिन है।

### क्रूस यात्रा में सैकड़ों लोग हुए शामिल

शैलेन्द्र नगर स्थित स्कूल से शुक्रवार को फादर और पादरी की अगुवाई में मसीही समुदाय ने क्रूस यात्रा निकाली। हाथों में क्रूस लिए सैकड़ों लोग पेंशनबाड़ा, पुलिस लाइन से होते हुए बैरन बाजार स्थित महा गिरिजाघर पहुंचे। इसके बाद आराधना के दौरान क्रूस यात्रा से जुड़ी यादों को भी सात वचनों के रूप में सुनाया गया। इसे सुनने के लिए लोग परिवार के साथ भी पहुंचे थे। इससे आराधना के दौरान भीड़ रही।इसके साथ ही आगामी दो दिन किस तरह से नियमों का पालन करना है, इसके बारे में लोगों को बताया गया।

समाज लाइव

## रक्तदान और नेत्र परीक्षण शिविर में सिख संगत का दिखा उत्साह



**रायपुर।** यूथ सिख सेवा समिति और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के सहयोग से बेबे नानकी गुरुद्वारा में बेबे नानकी के प्रकाश पर्व पर विशाल रक्तदान शिविर और नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। जिसमें सभी सातों संगत ने बढ़चढ़ के हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई के गुरनाम सिंह ने बताया कि सभी गुरुद्वारा साहिब में हर साल छत्तीसगढ़ सिख पंचायत और यूथ सिख सेवा समिति के साथ मिलकर स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर लगाते आ रहे है। यूथ सिख सेवा समिति और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत ने लगाया रक्तदान शिविर और नेत्र परीक्षण शिविर में समाज सहित अन्य लोग भी उत्साह के साथ भाग लेते है।

### यूथ सिख सेवा समिति हरसंभव मदद करेगी

इस अवसर पर बेबे नानकी गुरुद्वारे के सदस्यों ने कहा कि बहुत कम समय में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के द्वारा भिलाई में रहने वाले सिख परिवार के लिए किया जा रहा कार्य सराहनीय है। यूथ सिख सेवा समिति की टीम का हर एक मेंबर अपनी तरफ से समिति के उद्देश्य को निस्वार्थ भावना से हर कार्य को बखूबी से करते आ रहे है इसीलिए समिति के कार्यों की सराहना हर तरफ हो रही है समिति के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह ने कहा कि भिलाई मेरी जन्म व कर्म भूमि रही है। इसलिए यहां रहने वाला हर एक सिख परिवार मेरा परिवार है और उनके लिए जो भी बन पाएगा उसके लिए यूथ सिख सेवा समिति हर संभव मदद करेगी। समिति अभी भी 24 घंटे हेल्पलाइन के माध्यम से सेवा कार्य करते आ रही है।

## कैनवास पर उकेरी अहिल्याबाई की गाथा, रंगों और रंगमंच से जीवंत हुई छग की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति

संस्कार भारती छत्तीसगढ़ और दक्षिण मध्य सांस्कृतिक केंद्र नागपुर का आयोजन

**रायपुर।** देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ और दक्षिण मध्य सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय चित्रकला और रंगमंच कार्यशाला का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक श्री बुद्धेश्वर मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 50 युवा और वरिष्ठ चित्रकार देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन के विविध प्रसंगों को कैनवास पर उकेर रहे हैं। इन कलाकारों में बिलासपुर, रायपुर, महासमुंद, धमतरी, जगदलपुर, कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, कोरबा, रायगढ़ और अंबिकापुर के प्रतिभागी शामिल हैं। चित्रकला कार्यशाला के संयोजक चित्रकार भोजराज धनगर ने बताया कि अगले दो दिनों में कलाकार अपनी चित्र निर्माण की गतिविधियों को पूर्ण करेंगे।







### युवा सीख रहे नाटक की बारीकियां

रंगमंच कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए रंगकर्मी भाग ले रहे हैं। इस कार्यशाला में चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष सुदेश शर्मा और प्रदेश के वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश तिवारी शिक्षार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। नाटक कार्यशाला के संयोजक डॉ. आनंद पांडे हैं। कार्यक्रम के उद्‌घाटन समारोह में संस्कार भारती रायपुर महानगर के अध्यक्ष एवं साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्त अध्यक्ष शशांक शर्मा, विशेष अतिथि रंगकर्मी राकेश तिवारी, माणिक विश्वकर्मा, संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय, शैल सार्वा, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, मुक्ति बेस, रंजना गुरु, प्रदेश महामंत्री हेमंत मौहुलिकर, हेमंत सगदेव सहित कला क्षेत्र से जुड़े नागरिक उपस्थित थे। यह आयोजन न केवल देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन और कार्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास भी है।

## शहर के रविशंकर इंडियन कॉस्ट सर्विस में देशभर में दूसरे स्थान पर

**रायपुर।** शहर के रविशंकर सावड़िया ने भारतीय कॉस्ट सेवा की परीक्षा में ऑल इंडिया द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की है। अब वे भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में सहायक निदेशक के पद पर नियुक्त होंगे। रविशंकर पहले भी अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए जाने जाते रहे हैं। उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की तीनों परीक्षाओं में ऑल इंडिया रैंक हासिल की थी। अब इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने यूपीएससी के तहत आयोजित भारतीय कॉस्ट सेवा की परीक्षा में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है, जो छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

### प्रेरणा बनीं माता, बहन भी कर रही हैं तैयारी

रविशंकर की सफलता के पीछे उनके मजबूत पारिवारिक मूल्यों और माता-पिता का विशेष



योगदान रहा है। उनकी माता पोस्ट ग्रेजुएट गृहिणी हैं, उनके जीवन की सबसे बड़ी मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत रही हैं। पिता मधुसूदन सावड़िया वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। रवि का कहना है, मा ने हर कदम पर न केवल पढ़ाई में साथ दिया, बल्कि आत्मबल और संतुलन बनाए रखने की सीख दी। उनकी बहन भी इस समय सीए फाइनल की तैयारी कर रही हैं।

## भागवत कथा कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं, मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन

**रायपुर।** अग्रोहा कालोनी विप्रनगर विष्णु मंगलम भवन में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह के अंतर्गत आचार्य पं. झम्मन शास्त्री ने बताया कि वैसे ही गज, ग्राह, गणिका भी श्री हरि के नाम के प्रभाव से मुक्ति को प्राप्त किए। आज राम नाम नृसिंह भगवान है। कलयुग हिरण्यकश्यप के समान है। जप करने वाला मनुष्य प्रहलाद के समान है। कलयुग में दान की विशेष महत्व बताते हुए महाराजश्री ने बली की दानवीरता का वर्णन किया। प्रहलाद के पौत्र महाराज बलि ने भगवान श्री वामन को अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। समग्र समर्पण करने वाले के यहां स्वयं भगवान ही उनके रक्षक बनकर रहते हैं। सुतल लोक में आज भी भगवान उनके द्वारपाल है। जहां स्वयं माता लक्ष्मी भी मनुष्य वंश में बली को भाई के रूप में सूत्र बांधकर दक्षिणा के रूप में अपने पति भगवान श्री नारायण को मांगने गई थी। जीवन में उपासना करने वालों को मां लक्ष्मी के साथ साथ भगवान श्री नारायण की उपासना करनी चाहिए। हमारे यहां एक-एक अवतार के एक-एक पुराण की रचना हुई है। इस कथा का विस्तार वामन पुराण में तथा मत्स्य पुराण में है।

### सप्ताह में एक दिन सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



उन्होंने आगे कहा कि श्रीमद भागवत कथा को सुनने और सुनने वाले दोनों को इसके प्रति अटूट आस्था और प्रेम होना चाहिए। तभी आयोजन की सार्थकता है। कथावाचक ने कहा कि हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने की आवश्यकता है। सप्ताह में एक दिन सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ होगा। कथा के चतुर्थ दिन समुद्र मंथन और वामन अवतार के दौरान वामन भगवान के दिव्य झांकी निकाली गई।

### भागवत श्रद्धा का विषय

आचार्य श्री शास्त्रीं समुद्र मंथन एवं वामन अवतार की कथा संदर्भ में बताया कि भागवत कथा आयोजन कोई मनोरंजन की वस्तु नहीं है।यह मोक्ष और ईश्वर प्राप्ति का साधन है। लेकिन आजकल के कथाकार व्यासपीठ की मर्यादाएं लांघ रहे हैं। श्रीमद् भागवत जैसे पुण्य ग्रंथ को मनोरंजन का साधन बनाकर नाच गाना कर रहे हैं। इसके लिए श्रद्धालु दोषी नहीं है। व्यासपीठ के महत्व नहीं समझना और अल्पज्ञ कथाकार ही इसके दोषी हैं। भागवत श्रद्धा का विषय है। इसे शुद्ध हृदय से सांसारिक बंधनों को छोड़कर सुनना चाहिए।



## सिटी स्पोर्ट्स

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए छत्तीसगढ़ मलखंब टीम का हिस्सा बनने खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल



रायपुर। खेल इंडिया यूथ गेम्स सीजन-7 बिहार में 4 से 15 मई तक आयोजित होने जा रहा है। जिसके लिए संचालक, खेल एवं यूवा कल्याण, विभाग रायपुर द्वारा चयन समिति गठित की गई थी। जिसके अध्यक्ष अंजुलस एक्का, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण बिलासपुर तथा सदस्य में डा. राजकुमार शर्मा महासचिव छत्तीसगढ़ मलखंब संघ ,मनोज प्रसाद, कोच, बलवंत कुमार की ओर से सिलेक्शन ट्रायल कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी बिलासपुर में किया गया। जिसमें बालिका टीम में संताय पोटाई, मोनिका पोटाई, दुर्गेशव्री कुमेटी, अनिता गोटा, सरिता पोयम,शिक्षा दिनकर, डिम्पी सिंह और बालक वर्ग में -राकेश कुमार वरदा, मानू ध्रुव, मंगडू पोडियाम, राजेश कोर्राम,मोनू नेताम और आयुश सिंह सिदार शामिल किए गए हैं। छत्तीसगढ़ की मलखंब टीम का प्रशिक्षण शिविर छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार युथ गेम्स प्रारंभ होने के पूर्व आयोजित किया जाएगा। ट्रायल को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के पदाधिकारी सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, अनिल टाह संरक्षक, प्रेमचंद शुक्ला अध्यक्ष, डा राजकुमार शर्मा महासचिव, राजा सरकार, बिसन कसेर उपाध्यक्ष, विरेन्द्र तिवारी, अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष, डॉ मिलिंद भानदेव,मनोज प्रसाद, पूनम प्रसाद, कोच, राजेन्द्र पटेल,किशोरकुमार वैष्णव, पुष्कर दिनकर, अखिलेश नारंग,पामगढ़, पुरेन्द्र कोसरिया, रायपुर, प्रशांत तिवारी, पंचराम वस्त्रकार, कृष्ण प्रसाद यादव अंशु भारती, डा. प्रमोद यादव आदि अपना योगदान दिया। यह जानकारी प्रेमचंद शुक्ला ने दी।

### शोभनाथ ने राष्ट्रीय मास्टर्स हैमर थ्रो में जीता गोल्ड



रायपुर। नई दिल्ली में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित चौथे राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स में बिलासपुर के शोभनाथ यादव ने हैमर थ्रो में गोल्ड तथा तवा फेंक में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। पुलिस विभाग थाना सिविल लाइन बिलासपुर में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर पदस्थ शोभनाथ के इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर कोलंबो श्रीलंका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिया हुआ है। ज्ञात हो कि शोभनाथ ने इसके पूर्व भी कई राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी इसके पूर्व पदक प्राप्त किया है। इनकी सफलता पर बिलासपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, सभी खेल संघों सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने जीते पाँच पदक



रायपुर। द्वितीय राष्ट्रीय बीच ग्रेपलिंग प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 अप्रैल को शिमला, हिमाचल प्रदेश में किया गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ बीच ग्रेपलिंग का दल भी सम्मिलित हुआ। जिसमें सब-जूनियर वर्ग में सतेन्द्र श्याम ने 22 किलो वजन वर्ग में कांस्य पदक, सृष्टि श्याम ने 40 किलो वजन वर्ग में स्वर्ण पदक व पूर्वी सोनवाणी ने 42 किलो वजन वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

सीनियर वर्ग में संगीता केवट ने 53 किलो किलो वजन वर्ग में स्वर्ण पदक एवं गजेन्द्र ने रजत पदक जीते। इस प्रकार छत्तीसगढ़ बीच ग्रेपलिंग के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 1 रजत एवं 2 कांस्य सहित कुल 5 पदक प्राप्त किये। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए प्रदेश सचिव के. हेमंत कुमार, तकनीकी संचालक अन्तरा सारथी सहित टीम की कोच दीप्ति साहू भी टीम के साथ उपस्थित थी।

उल्लेखनीय है कि बीच रेसलिंग को बीच ग्रैपलिंग के नाम से भी जाना जाता है, एक गतिशील खेल है जो एक निर्दिष्ट घेरे के भीतर रेतीले क्षेत्र में खेला जाता है। इसमें दो पहलवान अपने प्रतिद्वंद्वी को ज़मीन पर गिराकर या उन्हें सीमा से बाहर धकेलकर अंक अर्जित करने के लिए ग्रैपलिंग तकनीक का इस्तेमाल करते हैं। इस खेल को यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

प्रतियोगिता के साथ ही शिमला में ग्रेपलिंग-कुश्ती की वार्षिक आमसभा की बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को अध्यक्ष, दिनेश कपूर, महासचिव, बिरजू शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद शर्मा ने संबोधित करते हुए पूरे सत्र के खेल कैलेंडर की घोषणा की।

## गर्मियों के मौसम में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती

# गर्मियों में कई बार बढ़ने लगता है ब्लड शुगर लेवल, छोटी सी लापरवाही पड़ जाएगी भारी

बढ़ती गर्मी के साथ डायबिटीज के मरीजों की दिक्कतें भी बढ़ने लगती हैं, आपको बार-बार हाई शुगर की समस्या हो सकती है इसलिए इस मौसम में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी जाती है। देशभर में गर्मी की शुरुआत हो चुकी है। अप्रैल के दूसरे हफ्ते में ही पूर्वी भारत के अधिकतर राज्यों में पारा 40 के पार होने लगा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से गर्मी बढ़ती जा रही है और मौसम वैज्ञानिकों का जो पूर्वानुमान है, उसे ध्यान में रखते हुए सभी लोगों को अभी से अलर्ट हो जाने की जरूरत है।

40 से ऊपर जाता तापमान हमारे शरीर को कई प्रकार से प्रभावित करने वाला हो सकता है। बढ़ती गर्मी के साथ शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) और इसके कारण होने वाली समस्याएं तो बढ़ ही जाती है, साथ ही इस तरह का मौसम पहले से ही ब्लड प्रेशर-शुगर के मरीजों के लिए और भी दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकता है। डॉक्टर्स कहते हैं, बढ़ती गर्मी के साथ डायबिटीज के मरीजों की दिक्कतें भी बढ़ने लगती हैं, आपको बार-बार हाई शुगर की समस्या हो सकती है इसलिए इस मौसम में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है। अब सवाल ये है कि गर्मियों में ब्लड शुगर क्यों बढ़ने लगता है और इसे कंट्रोल में रखने के लिए क्या उपाय करने जरूरी हैं?



### डिहाइड्रेशन और हाई शुगर का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बढ़ती गर्मी का हमारी सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर होता है, यही वजह है कि पहले से ही क्रॉनिक बीमारियों जैसे डायबिटीज-ब्लड प्रेशर के शिकार लोगों को इस मौसम में अलर्ट रहना चाहिए। गर्मी के कारण निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) का जोखिम बढ़ जाता है जो ब्लड शुगर के स्तर में उतार-चढ़ाव का कारण बन सकती है। बढ़ता तापमान इंसुलिन के अवशोषण और इसकी क्रियाशीलता को भी प्रभावित कर देती है। डॉक्टर बताते हैं कि उच्च रक्त शर्करा के कारण बार-बार पेशाब आता है जिससे निर्जलीकरण होने का जोखिम अधिक हो सकता है। गर्मी के दिनों में शुगर के मरीजों की समस्या बढ़ने के लिए इसे प्रमुख कारण माना जाता है।



### डायबिटीज की बढ़ जाती है दिक्कतें

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन (एडीए) की रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड शुगर लो या हाई होना दोनों ही स्थितियों में आपको पसीना अधिक आता है। जिन लोगों का ब्लड शुगर लगातार उच्च बना रहता है, उनके लिए पसीना अधिक आना तंत्रिका क्षति से संबंधित समस्याओं को भी बढ़ाने वाला हो सकता है।

मधुमेह से पीड़ित लगभग आधे लोगों को किसी न किसी रूप में तंत्रिका क्षति का अनुभव होता है। ये आंखों, हृदय से लेकर डायबिटिक फुट जैसी समस्याओं को भी बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है। यही कारण है कि डायबिटीज वाले सभी रोगियों को गर्मी के दिनों में सेहत को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

### गर्मियों में शुगर बढ़ने के ये भी हो सकते हैं कारण

गर्मियों में लोग अक्सर बाहर कम निकलते हैं, जिससे व्यायाम या फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती है। शारीरिक गतिविधि में कमी ब्लड शुगर कंट्रोल में अहम भूमिका निभाती है। गर्मी के कारण तनाव का स्तर बढ़ जाता है, जो शरीर में कोर्टिसोल को बढ़ाने लगती है। हाई कोर्टिसोल के कारण भी ब्लड शुगर बढ़ने का जोखिम रहता है। गर्मियों में लोग अक्सर शुगर वाले कोल्ड ड्रिंक्स, पैकेज्ड जूस और आइसक्रीम का सेवन ज्यादा करते हैं जो ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मियों में शुगर को कंट्रोल रखने के लिए कुछ उपाय मददगार हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 2-3 लीटर पानी पिएं ताकि डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। सुबह या शाम को जब तापमान कम हो, उस समय वॉक या योग करें।





## हमारी 40 फीसदी बीमारियों के लिए ये दो आदतें जिम्मेदार, तुरंत करें सुधार

लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को कई प्रकार की बीमारियों का कारक माना जाता है। पिछले कुछ दशकों में इसके कारण जिन अंगों की समस्या बढ़ते हुए देखा गया है, लिवर-किडनी और फेफड़े उनमें प्रमुख हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगभग हर उम्र के व्यक्ति में इससे संबधित विकारों के मामले बढ़ते देखे जा रहे हैं। इन अंगों की बीमारियां गंभीर स्थिति में जानलेवा दुष्प्रभावों वाली भी हो सकती हैं, इसलिए अपनी दिनचर्या को ठीक रखना सभी लोगों के लिए बहुत आवश्यक हो जाता है।

वैश्विक स्तर पर होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रायोजन के तहत हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, दिनचर्या की कुछ गड़बड़ आदतें शरीर के अंगों के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। आइए जानते हैं कि लिवर-किडनी और फेफड़ों के लिए किन आदतों को हानिकारक माना जाता है जिससे सभी लोगों को दूरी बनाकर रखने की सलाह दी जाती है।

### लिवर-किडनी और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लिवर-किडनी और फेफड़ों की बीमारियों के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। इन अंगों की करीब 40 फीसदी बीमारियों के लिए जिन दो आदतों को सबसे खतरनाक पाया गया है वह है- शराब और धूम्रपान। डॉक्टर कहते हैं, ये दोनों आदतें कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का कारण बन सकती हैं। इसके कारण किडनी फेलियर से लेकर लिवर और फेफड़ों के कैंसर तक का जोखिम हो सकता है। अगर इनमें सुधार कर लिया जाए तो कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से खुद को सुरक्षित किया जा सकता है।



### धूम्रपान से किडनी-फेफड़ों की बीमारी

धूम्रपान हमारी सेहत को कई प्रकार से क्षति पहुंचाती है। इससे सबसे ज्यादा नुकसान लंग्स और किडनी को रहता है। धूम्रपान से निकलने वाले धुंआ में कई प्रकार के हानिकारक रसायनों का मिश्रण होता है जिससे फेफड़ों की मांसपेशियों को गंभीर क्षति होने, यहां तक कि फेफड़ों में कैंसर विकसित होने तक का जोखिम बढ़ जाता है। धूम्रपान की आदत फेफड़ों के साथ किडनी को भी नुकसान पहुंचाती देखी गई है। अध्ययनों में पाया गया है कि धूम्रपान के कारण रक्त वाहिकाओं को नुकसान हो सकता है, जिससे किडनी में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है और किडनी की बीमारियों का खतरा हो सकता है।

### शराब से लिवर कैंसर का खतरा

अध्ययनकर्ता बताते हैं, धूम्रपान की ही तरह से शराब का सेवन भी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। इससे लिवर की बीमारियों और गंभीर स्थिति में कैंसर बढ़ने का खतरा भी देखा जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, लंबे समय तक शराब पीने वाले लोगों में लिवर की बीमारियों के विकसित होने, इंफ्लामेशन और हेपटाइटिस जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। अल्कोहल का अधिक सेवन करने वाले लोगों में लिवर फेलियर की समस्या होने का भी खतरा बढ़ा हुआ देखा जाता रहा है।

## ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रखना शुभ या अशुभ? जानें इसके नियम

वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऑफिस डेस्क पर कुछ खास चीजें रखने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपके काम में सफलता मिलती है।



### क्या ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रख सकते हैं?

लक्ष्मी चरण, जिन्हें लक्ष्मी पादुका भी कहा जाता है, देवी लक्ष्मी के पैरों के निशान हैं। इन्हें धन, समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। लक्ष्मी चरण सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक हैं। इन्हें डेस्क पर रखने से ऑफिस में सकारात्मक माहौल बनता है और नकारात्मकता दूर होती है। लक्ष्मी चरण को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। इन्हें डेस्क पर रखने से व्यापार और काम में वृद्धि होती है और सफलता मिलती है। लक्ष्मी चरण को शांति और स्थिरता का प्रतीक भी माना जाता है। इन्हें डेस्क पर रखने से मन शांत रहता है और काम में एकाग्रता बढ़ती है। आपको बता दें, ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी जी के चरण हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में होने चाहिए। यह दिशा धन और समृद्धि के लिए शुभ मानी जाती है। इसलिए आप अपने ऑफिस डेस्क पर लक्ष्मी चरण रख सकते हैं।

वास्तु शास्त्र के अनुसार, लक्ष्मी चरण को सही दिशा में और सही तरीके से रखने से घर और ऑफिस में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। लक्ष्मी चरण को हमेशा अपने बैठने की दिशा में रखें। इसका मतलब है कि जब आप कुर्सी पर बैठे हों तो आपके सामने की ओर लक्ष्मी चरण होने चाहिए। लक्ष्मी चरण को डेस्क के ऊपरी बाएं कोने में रखें। यह स्थान धन और समृद्धि का प्रतीक है। इससे व्यक्ति के जीवन में आने वाली सभी बाधाएं दूर हो सकती है।

## कटिंग बोर्ड से नहीं जा रही बदबू, इस फल और सब्जी के छिलके से मिनटों में करें दूर

किचन में अधिकतर लोग कटिंग बोर्ड पर रखकर ही सब्जियां और फलों को काटते हैं। ऐसे में इस्तेमाल करते हुए इसमें से अजीब सी स्मेल आने लगती है, जो कि धोने पर नहीं जाती है। आज हम आपको आप इस दुर्गंध को दूर करने की कुछ ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। जिसको आप ट्राई कर सकती हैं।



### सेब के छिलकों से दूर करें चॉपिंग बोर्ड की स्मेल

इसके लिए आपको सेब के छिलकों को निकाल लेना है।अब इनको मिक्सी जार में हल्का पानी डालकर पीस लें।इस पल्प में अब नींबू मिलाकर पूरे चॉपिंग बोर्ड पर फैला दें।कुछ देर बाद इसे हटाकर डिश वाश से धो लें कटिंग बोर्ड की बदबू एकदम गायब हो जाएगी।

### आलू के छिलकों से ऐसे दूर करें चॉपिंग बोर्ड की स्मेल

आपको आलू के छिलकों को निकालकर अलग कर लेना है।अब पानी डालकर मिक्सी जार में पीस लें।इस मिश्रण में बेकिंग सोडा और नमक डालकर मिला लें।अब नींबू का छिलका लेकर उसकी मदद से चॉपिंग बोर्ड पर इस पल्प को रगड़ें। इसके बाद अब से अपनी और डिश वाश से धो लें। स्मेल गायब हो जाएगी।

## नए जीवन में प्रवेश कर रहे हैं तो भारतीय पुरुष ध्यान में रखें कुछ जरूरी बातें

### दहेज के खिलाफ

भले ही लड़की का परिवार सहज लगे और अपनी बेटी की खातिर दहेज को 'उपहार' के रूप में देने को तैयार हो, बावजूद इसके आपको इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम उन धार्मिक और क्षेत्रीय रीति-रिवाजों से भी छुटकारा पाएं जो किसी भी तरह से दहेज प्रथा को बढ़ावा देते हैं। अगर आप अपने माता-पिता को दहेज लेने से नहीं रोकते हैं तो आप भी इस अपराध में पूरी तरह से भागीदार हैं।

### महिलाओं को लेकर सोच बदलें

हमारे समाज में महिलाओं को उनकी निष्पक्षता, ऊंचाई, वजन और उनकी संपत्ति के आकार के आधार पर लगातार आंका और 'मूल्यांकन' किया जाता है। इससे पहले कि आप शादी करने का निर्णय लें, सुनिश्चित करें कि आप ऐसी सोच से कोसो दूर हों। एक महिला अपने शरीर से कहीं अधिक होती है और किसी पुरुष के लिए अपने से लंबी और कामयाब महिला से शादी करना कोई शर्मनाक बात नहीं है।

### खर्च को लेकर सोच रखें साफ

भारतीय संस्कृति में यह बात इतनी गहराई से रच-बस गई है कि लड़की के माता-पिता ही शादी का सारा खर्च उठाएंगे; हममें से ज्यादातर लोगों को इस बात का एहसास तक नहीं है कि पहले से ही उन पर कितना दबाव होगा। सिर्फ इसलिए कि आप उनकी लड़की से शादी कर रहे हैं इसका मतलब यह नहीं है आपके दिखावे के लिए अपनी औकात से बढ़कर खर्चा कर दें। यदि आप चाहते हैं कि शादी बड़े स्तर पर हो तो आपको भी लड़की के माता-पिता के साथ आधा-आधा खर्च करना होगा, नहीं तो एक नॉर्मल से फंक्शन के लिए राजी हो जाएं।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## लेबनान में डिज्नी की 'स्नो व्हाइट' पर प्रतिबंध, वजह जानकर रह जाएंगे हैरान



लेबनान ने डिज्नी की आगामी लाइव-एक्शन फिल्म 'स्नो व्हाइट' को सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर रोक लगा दी है। इस फैसले की वजह फिल्म में इस्राइल अभिनेत्री गैल गैडोट की कास्टिंग है। फिल्म में उन्होंने दुष्ट रानी (ईविल क्वीन) का किरदार निभाया है। यह निर्णय लेबनान के गृह मंत्री अहमद अल-हज्जर ने लिया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लेबनान की फिल्म और मीडिया निगरानी संस्था की सिफारिश के बाद यह कदम उठाया गया। गैल गैडोट लंबे समय से लेबनान की 'इजरायल बॉयकॉट लिस्ट' में शामिल हैं। बेरूत स्थित डिज्नी फिल्मों के वितरक इटालिया फिल्म्स के एक प्रतिनिधि ने इस बारे में 'वैराइटी' से बात करते हुए कहा, "गैल गैडोट अभिनीत कोई भी फिल्म लेबनान में कभी रिलीज नहीं हुई है। इस बार भी उसी नीति का पालन किया गया है।"

यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब इस्राइल सैन्य कार्रवाई करते हुए लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बना रहा है। इन हमलों में कई नागरिकों की जान भी गई है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। 'स्नो व्हाइट' डिज्नी की क्लासिक एनिमेटेड फिल्म का लाइव-एक्शन रीमेक है, जिसे दुनियाभर में रिलीज के लिए तैयार किया जा रहा है। गैल गैडोट को 'वंडर वुमन' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाता है। इस फिल्म में वह नकारात्मक भूमिका में हैं। फिलहाल, गैल गैडोट के प्रतिनिधियों ने इस मामले पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

### टॉलीवुड

## राम चरण-जान्हवी की 'पेड्डी' की शूटिंग पर आया नया अपडेट



पैन इंडिया स्टार राम चरण अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पेड्डी' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म पेड्डी की शूटिंग को लेकर नया अपडेट सामने आया है कि फिल्म की शूटिंग मौला अली स्टेशन पर अब पूरी हो चुकी है। खास बात यह है कि इस जगह पर जगपति बाबू और सत्या के सीन शूट किए गए हैं। इस शूटिंग शेड्यूल के पूरा होने के बाद अब प्रशंसक इसके अगले शेड्यूल के बारे में जानने के इच्छुक हैं।

पेड्डी का निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं। इस फिल्म में राम चरण के साथ पहली बार जान्हवी कपूर नजर आएंगी। हालांकि, जान्हवी फिल्म 'देवरा पार्ट 1' से अपना साउथ डेब्यू कर चुकी हैं। लेकिन राम के प्रशंसक इस फिल्म में उनकी और जान्हवी की रोमांटिक जोड़ी को देखने के लिए उत्सुक हैं। राम चरण और जान्हवी कपूर के अलावा फिल्म में शिवा राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा जैसे कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। राम और जान्हवी की फिल्म पेड्डी के निर्माण की जिम्मेदारी वृद्धि सिनेमा पर है। वहीं फिल्म को मैथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म का मधुर संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है।

### भोजपुरी

## वायरल क्लिप की बात कर रो पड़ीं त्रिशा, आत्महत्या का प्रयास किया



हाल ही में भोजपुरी अभिनेत्री त्रिशाकर मधु ने अपने चमकते करियर में अचानक ब्रेक लग जाने के बारे में बात की। उन्होंने अपने वायरल हुए एमएमएस का खोला राज। उनके करीबी का था इसमें हाथ और इंडस्ट्री के बड़े ग्रुप के शामिल होने की बात भी कही। भोजपुरी की दुनिया में एक समय त्रिशाकर मधु का नाम सिर चढ़ कर बोला करता था, लेकिन एक वीडियो ने उनके जीवन को तबाह कर दिया था। अब इस वीडियो के बारे में अभिनेत्री ने खुलासे किए हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनके इस करीबी ने की घिनौनी हरकत। भोजपुरी अभिनेत्री हाल ही में निधि झा के पॉडकास्ट में पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों के बारे में बात की। इस दौरान उनसे उनके उस वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसने उनकी जिंदगी तबाह कर दी। इसके जवाब में अभिनेत्री ने बताया कि यह उस समय की घटना है, जब उन्होंने लेकिन खेसारी लाल यादव के साथ 'बोल बम' गाना किया था। अभिनेत्री ने बताया कि इस गाने के लगभग एक महीने बाद उनके फोन में उनकी एक अश्लील तस्वीर आई और धमकी मिली, लेकिन वह डरी नहीं। इसके बाद उन्हें लगातार कई धमकियां मिलीं और उनके कई छोटे-छोटे अश्लील क्लिप वायरल होने लगे। अपने इस वायरल वीडियो पर बात करते हुए त्रिशा ने कहा कि इस वीडियो को वायरल कराने में उनके ही रूम में रहने वाली लड़की का हाथ था। हालांकि, उन्होंने लड़की का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि लड़की ही लड़की की दुश्मन होती है। इसके अलावा त्रिशा ने बताया कि इसमें किसी बड़े ग्रुप का भी हाथ था। अभिनेत्री से सवाल किया कि क्या वह इसके लिए खेसारी और पवन सिंह को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। इस पर उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं लगता है इनका हाथ है, लेकिन कोई बड़ा ग्रुप जरूर शामिल है। इसीलिए वह अभी तक इस मामले का केस लड़ रही हैं। त्रिशाकर मधु ने बातचीत में कहा कि उन्होंने इस भोजपुरी इंडस्ट्री के लिए इतना कुछ किया।

## क्यूबा पर असर अफ्रीका का

लाइफ स्टाइल



रफल्ड स्कर्ट, अतिरंजित आस्तीन और चमकीले रंग, कढ़ाई वाली शर्ट और ब्लाउज जैसी पहचानी जाने वाली लैटिन शैलियों ने क्यूबा के फैशन में अपनी जगह बनाई है, लेकिन जैसे-जैसे क्यूबा के लोगों ने अपनी स्वतंत्र भावना का प्रयोग करने के लिए संघर्ष किया, अफ्रीकी सिर की चादर या बंदना जैसे एफ्रो-क्यूबा प्रभाव सतह पर आने लगे। आज क्यूबा में एक औसत अलमारी में कैजुअल स्लैक्स या जींस, शॉर्ट्स, स्कर्ट (महिलाओं के लिए) और टी-शर्ट या ढीले-ढाले टॉप शामिल होने की संभावना है।

## रूखे-बेजान बालों में जान डालने का काम करेंगे ये हेयर मास्क

हर महिला चाहती हैं कि उसके बाल हेल्दी रहे और इसके लिए उनकी अच्छी तरह से केयर करती हैं। लेकिन, कई सारे महंगे प्रोडक्ट्स साथ ही, हेयर केयर रूटीन फॉलो करने के बाद भी बाल रूखे-बेजान नजर आते हैं। इस वजह से आपकी सुंदरता भी कम हो जाती है। वहीं बाल सिल्की और सुंदर नजर आए इसके लिए हम आपको कुछ हेयर मास्क के बारे में बता रहे हैं जो आपके रूखे-बेजान बालों में जान डालने का काम करेंगे साथ ही, ये हेल्दी, चमकदार भी होंगे।

### दही का करें इस्तेमाल

एक कटोरी में दही अच्छी तरह से फेंट लें। इसके बाद इसमें शहद मिक्स करें। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करें। इसके बाद इस पेस्ट को बालों पर अप्लाई करें। 30 मिनट के बाद बालों को धो लें। इस उपाय को हफ्ते में दो दिन करें

### केले का बनाएहेयर मास्क

केले को एक कटोरी में मैश करें। इसके बाद इसमें नारियल तेल मिक्स करें। इसे बालों पर अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद बालों को धो लें। इस हेयर मास्क को हफ्ते में 2 दिन इस्तेमाल करें।

### एलोवेरा का करें इस्तेमाल

एलोवेरा में कई सारे गुण होते हैं और ये सभी गुण रूखे-बेजान



बालों की समस्या को कम करने साथ ही, स्कैल्प को हेल्दी रखने का काम करते हैं। एक चम्मच एलोवेरा जेल और एक चम्मच अरंडी तेल को सही मात्रा में मिलाएं। इसके बाद इसके स्कैल्प पर अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद बालों को धो लें। इस उपाय को हफ्ते में 2 दिन करें।

## चिकनकारी कुर्ती में निखर उठेगा आपका लुक, लोग करेंगे तारीफ





जब भी गर्मी का मौसम आता है, तो लड़कियों को अपने कपड़ों की चिंता सबसे पहले सताती है। वो इस मौसम में ऐसे कपड़े पहनना चाहती हैं, जो पहनने में आरामदायक तो हों, लेकिन इससे उनके स्टाइल पर किसी तरह का प्रभाव न पड़े। ऐसे में वो इस तरह के ही कपड़ों का चयन करती हैं, तो कंफर्टेबल होने के साथ खूबसूरत भी दिखें। ऐसे कपड़ों में चिकनकारी कुर्ती को सबसे खास माना जाता है।

चिकनकारी कुर्ती देखने में काफी क्लासी लगती है, और ये पहनने में काफी आरामदायक होती है। ऐसे में हर उम्र की महिला और लड़कियां चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी चिकनकारी कुर्ती पहनना पसंद है, लेकिन आपको समझ नहीं आता, कि इसे कैसे स्टाइल करें, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको चिकनकारी कुर्ती को सही से स्टाइल करने का तरीका बताएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में भी आपका लुक सबसे खूबसूरत दिखे।

### प्लाजो के संग पहनें

वैसे तो ज्यादातर लड़कियां चिकनकारी कुर्ता जींस के साथ ही कैरी करती हैं, लेकिन अगर आप ऐसा कुर्ता पहन रहीं हैं, तो उसके साथ प्लाजो पहनें। शिफॉन फैब्रिक का प्लाजो आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा।

### हील्स लगेगी खूबसूरत

आप चाहें तो अपने लुक को पूरा करने के लिए हील्स कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी कुर्ते के साथ हील्स काफी स्टाइलिश लुक देगी। अगर आपको हील्स नहीं पसंद तो कोल्हापुरी चप्पल भी इसके साथ कमाल की लगेगी।

### कानों में झुमके

एथनिक के साथ हमेशा झुमके प्यारे ही लगते हैं, लेकिन अगर बात करें चिकनकारी कुर्ते की, तो उसके साथ आप इस तरह के ईयररिंग्स भी कैरी कर सकती हैं। ऐसे ईयररिंग्स देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं। अगर आपके बाल लंबे हैं, तो ये आप पर काफी जचेंगे।

## शादी के फंक्शन में पहनने के लिए परफेक्ट हैं ये आउटफिट्स



शादी किसी भी की हो इस खास मौके पर आप हर महिलाएं खास नजर आना चाहती हैं। कई बार ऐसा होता है जब महिलाएं एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर पाती हैं। वहीं अगर आप भी शादी में किस तरह का आउटफिट पहने इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो यहां शादी में पहनने के लिए एक परफेक्ट आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं।

**साड़ी_** अगर आप शादी में साड़ी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के लुक से आइडिया लके सकती हैं। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर की साडी वियर की हैं और इस साड़ी में गोल्डन वर्क किया गया है। इस साडी के साथ अच्छेस्सने छूकर ज्वेल्लरी पहनी है साथ ही बालों को एक साइड खुला करके स्टाइल किया है। वहीं आप भी इस तरह की साड़ी में वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको कई सरे डिजाइन में ऑनलाइन मिल जाएँगी साथ ही आप इन्हें ऑफलाइन भी खरीद सकती हैं। वी इस तरह की साड़ी आपको 1000 से 1500 रूपये में मिल जाएँगी।

**लाजो पैंट_** वहीं शादी के हल्दी फंक्शन के लिए आप इस तरह का येलो प्लाजो पैंट वियर कर सकती हैं और इस आउटफिट को किस तरह से स्टाइल करना हैं इसके लिए आप एक्ट्रेस हिना खान के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने बालों को खुला करके स्टाइल किया सतह ही एक्ट्रेस ने फुटवियर में हील्स पहने हैं। वहीं सी तरह की ड्रेस आपको बाजार में सस्ते दाम में मिल जाएंगी साथ ही ऑनलाइन भी इस तरह की ड्रेस को 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। वहीं किसी दरजी के पास से भी आप इस तरह की ड्रेस सिल्वा सकती हैं।

## कर्ली हेयर को स्ट्रांग और शाइनिंग बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स



मौसम कोई भी घुंघराले बालों को काफी केयर की जरूरत होती है। घुंघराले बालों की केयर नहीं करने पर वो ड्राई हो जाते हैं और वजह से बालों के झड़ने की समस्या शुरू हो जाती है। जहां हर महिला चाहती है कि उसके घुंघराले बाल स्ट्रांग हो साथ ही वो खूबसूरत नजर आए तो ऐसे में जरूरी है बालों की सही तरीके से केयर करें। इस आर्टिकल में हम आपको कर्ली बालों की कैसे केयर करें ऐसी कई सारी टिप्स देने जा रहे हैं और इन टिप्स को फॉलो करने से आपके कर्ली बाल स्ट्रांग होंगे तो वहीं शाइन भी करेंगे।

### ऑइलिंग और साफ-सफाई है जरूरी

कर्ली हेयर की केयर करने के लिए इनकी सफाई करना बहुत ही जरूरी है और इसके लिए जरूरी है बालों को धोना। बालो को धोने से पहले इनपर अच्छी तरह से तेल लगा लें और इसके लिए आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### कंडीशनर और शैम्पू का करें इस्तेमाल

बालो को हफ्ते में 2 से 3 साफ करें और इसके लिए सही शैम्पू का चुनाव करें। वहीं शैम्पू का इस्तेमाल के बाद बालों पर कंडीशनर भी लगाए। वबाल धोने के दौरान बालों को रगड़ें नहीं बल्कि हल्की हाथों से मालिश करते हुए बालो को धोएं।

### पानी के तापमान का रखें ध्यान

बालों को धोने के दौरान इस बात का ध्यान रखें कि बालों को न ज्यादा गर्म पानी से धोएं न ही ठंडे पानी से धोएं। बालों को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें ताकि बाल ड्राई न हो। वहीं अगर आप इस बात का ध्यान रखते हैं तो बाल स्ट्रांग और शाइनी होंगे।

कार्नर न्यूज

### नई दुल्हन के लिए जरूरी है लेटेस्ट फैशन के साथ लुक को भी निखारें

## शादी के बाद अपने स्टाइल से जीतें ससुराल वालों का दिल, कपड़ों से मेकअप तक का रखें ध्यान

शादी के बाद आप अपनी खूबसूरती को पहनावे, मेकअप और ज्वेलरी से और भी आकर्षक बना सकती हैं। जमाना फैशन का है, लेकिन शादी के बाद क्या आप अपने स्टाइल पर ध्यान देती हैं? शादी के दिन लड़कियां बहुत सुंदर दिखती हैं। वे महीनों से इस खास दिन के लिए तैयारी करती हैं, तब जाकर कहीं दुल्हन वाला निखार आता है लेकिन सिर्फ शादी के दिन सुंदर दिखने से काम नहीं चलेगा।

जरूरी है शादी के बाद भी स्टाइलिश और आकर्षक दिखना, क्योंकि आप ही उस समय परिवार और आस-पड़ोस में आकर्षण का केंद्र होती हैं। ऐसे में आप किस तरह अपने लुक को खास बना सकती हैं और कैसे सबसे खास तथा खूबसूरत दिखें, इसके तरीके जान लें।

### कपड़ों का कलेक्शन

साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिससे आप बेहतरीन पारंपरिक लुक पा सकती हैं। शादी के बाद कई ऐसी रस्में होती हैं, जिनमें आपको साड़ी पहननी होती है। ऐसे में दुल्हन



पर गहरे रंग के साथ बनारसी साड़ी, सिल्क साड़ी और कांजीवरम साड़ी अधिक जंचती है और रॉयल लुक देती है। वहीं चिकनकारी साड़ी वजन में हल्की होती है।

आजकल नेट भी फिर से ट्रेंड में है तो आप हल्के वर्क के साथ नेट की साड़ी भी पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रहे कि इस तरह की साड़ी पहनते समय आप इसे सही से पिनअप करें, ताकि उसे आसानी से संभाल पाएं। आप फैमिली फंक्शन के लिए डिजाइनर लाचा एवं लहंगा भी कैरी कर सकती हैं। वहीं, आप सूट में फ्लोरल सूट, अनारकली सूट, हैंड ब्लॉक प्रिंटेड सूट, नेक वर्क वाले सूट और स्ट्रेट कट सूट का कलेक्शन जरूर रखें। यदि आप चटक रंग पहनती हैं तो जरूर पहनें, क्योंकि शादी के बाद ऐसे रंग आपके निखार को और भी बढ़ा देते हैं।

### ड्रेस के अनुसार ज्वेलरी

यदि आप रॉयल लुक साड़ी पहनती हैं तो उसके साथ पुराने डिजाइन या नए डिजाइन की गोल्ड ज्वेलरी भी बहुत फबती है। साथ ही चोकर सेट भी आपके लुक में चार चांद लगा देती है, इसलिए इसे अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। लाइट वेट साड़ी के साथ आप मैचिंग ज्वेलरी पहनें तो बेहतर होगा। सूट के साथ भी आप गोल्ड चेन, लाइट नेकलेस या मैचिंग/मेटालिक हैवी ईयररिंग पहन सकती हैं।



### हेयरस्टाइल

शादी के बाद हेयरस्टाइल को लेकर नई-नवेली दुल्हनें काफी परेशान रहती हैं। इसलिए साड़ी या किसी भी तरह के आउटफिट के साथ अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए आप आसान और डिफरेंट हेयरस्टाइल, जैसे साइड रैप बन, साइड ब्रेड हेयर स्टाइल, लो बन, हाई वेवी पोनी टेल या वेवी हेयर स्टाइल बना सकती हैं।

### लाइट हो मेकअप

कहते हैं 'सादगी में ही सुंदरता है।' यह बात सौ टका सच भी है, लेकिन शादी के बाद थोड़ा मेकअप तो चलता है। आप चाहें तो घर में भी लाइट मेकअप कर सकती हैं। यह आपके ओवरऑल लुक को आकर्षक बना देगा।